Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 211 | शनिवार, 02 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सीएम योगी बोले

# यूपी नई नीति से बनेगी फुटवियर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र

**नई दिल्ली।**

बयान के अनुसार, भारत इस क्षेत्र में वर्तमान में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति पर भी विचार-विमर्श हुआ। उत्तर प्रदेश ने चमड़ा और गैर-चमड़ा फुटवियर (जूता-चप्पल) विनिर्माण के क्षेत्र को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विभाग की बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश को इस क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पारंपरिक कौशल, प्रशिक्षित श्रमबल, कच्चे माल की प्रचुरता और आगरा, कानपुर व उन्नाव जैसे सशक्त औद्योगिक केंद्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक समग्र, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण जरूरी हो गया है। बयान के अनुसार, बैठक में उत्तर प्रदेश फुटवियर, चमड़ा एवं गैर-चमड़ा क्षेत्र विकास नीति-2025 के प्रारूप पर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषित किया जाए कि प्रदेश के कौन-से क्षेत्र इस उद्योग के लिए सबसे उपयुक्त हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रस्तावित नीति के तहत अगले कुछ वर्ष में लगभग 22 लाख नई नौकरियों के सृजन की संभावना है। यह नीति उत्तर प्रदेश को वैश्विक फुटवियर और चमड़ा विनिर्माण का केंद्र बनाने की दिशा में एक निर्णायक पहल मानी जा रही है। बयान के अनुसार, भारत इस क्षेत्र में वर्तमान में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी महत्वपूर्ण है। बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश औद्योगिक आस्थान नीति पर भी विचार-विमर्श हुआ



## ट्रंप ने दिया आदेश

# रूस के पास परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करेगा अमेरिका


**रॉयटर, टोरंटो।** अमेरिका रूस के पास परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है। रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की धमकियों के जवाब में ट्रंप ने यह कदम उठाया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के बयानों को बेहद भड़काऊ बताया। ट्रंप ने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा, मैंने दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, क्योंकि हो सकता है कि ये मूर्खतापूर्ण और भड़काऊ बयान कुछ और हों। शब्द बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, और अक्सर अनपेक्षित परिणाम दे सकते हैं, मुझे उम्मीद है कि यह उन उदाहरणों में से एक नहीं होगा। कहने का मतलब था कि भड़काऊ बयान के बाद भड़काऊ कार्रवाई की आशंका के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। गौरतलब है कि ट्रंप और मेदवेदेव ने हाल के दिनों में एक-दूसरे पर तंज कसे थे। ट्रंप ने अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि रूस के पास यूक्रेन में युद्ध विराम पर सहमत होने के लिए "आज से 10 दिन" हैं, अन्यथा उसे और उसके तेल खरीदारों को टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इसके जवाब में जो रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष मेदवेदेव ने ट्रंप के बयान की खिल्ली उड़ाते हुए एक्स पर पोस्ट किया था, ट्रंप रूस के साथ अल्टीमेटम का खेल खेल रहे हैं।



### हर नया अल्टीमेटम एक खतरा है- मेदवेदेव

मेदवेदेव ने ट्रंप को याद दिलाया कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले की क्षमता है। उन्होंने कहा कि ट्रंप को दो बातें याद रखनी चाहिए। पहला, रूस इजरायल या ईरान नहीं है। दूसरा, हर नया अल्टीमेटम एक खतरा है और युद्ध की ओर एक कदम है।

# शाहरुख-विक्रांत को बेस्ट एक्टर अवॉर्ड, बेस्ट एक्ट्रेस बनीं रानी



**नई दिल्ली।**

शुक्रवार को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का एलान हो गया है। शाहरुख खान को 35 वर्ष के करियर में पहली बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला है। फिल्म 'जवान' के लिए उनकी झोली में अवॉर्ड आया है। बता दें कि यह अवॉर्ड साल 2023 की फिल्मों को दिए गए हैं। 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों का एलान हो गया है। आज शुक्रवार को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के दावेदारों का एलान किया गया है। इसमें शाहरुख खान को भी अपना पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है। उन्हें फिल्म 'जवान' के लिए यह पुरस्कार मिला है। और किसे मिला है नेशनल फिल्म अवॉर्ड? जानिए बता दें कि कोविड महामारी के चलते नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में देरी हो रही है। साल 2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे। अब इस साल उन फिल्मों को पुरस्कृत किया जाएगा, जो वर्ष 2023 में रिलीज हुईं। शाहरुख खान के अलावा विक्रांत मैसी को भी नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें फिल्म '12वीं फेल' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिया गया है।

2024 में 2022 में रिलीज होने वाली फिल्मों को पुरस्कार दिए गए थे।

# भारत ने ब्रिटेन की संसदीय समिति की रिपोर्ट को किया खारिज

**नई दिल्ली।**

भारत ने ब्रिटिश संसदीय रिपोर्ट में लगाए गए 'अंतरराष्ट्रीय दमन' के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे दुर्भावनापूर्ण, तथ्यहीन और पूर्वाग्रही करार दिया है। भारत का मानना है कि इस तरह की रिपोर्टें अविश्वसनीय स्रोतों पर आधारित होकर भारत के खिलाफ राजनीतिक एजेंडे को बढ़ावा देती हैं। भारत सरकार ने शुक्रवार को ब्रिटेन की एक संसदीय रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है, जिसमें भारत को उन देशों की सूची में शामिल किया गया है जो कथित रूप से ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दमन में शामिल हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस रिपोर्ट को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि इसमें लगाए गए आरोप असत्यापित और संदिग्ध स्रोतों पर आधारित हैं, जिनका संबंध ऐसे व्यक्तियों और संगठनों से है जो भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। ब्रिटिश संसद की संयुक्त मानवाधिकार समिति ने 30 जुलाई को एक रिपोर्ट जारी की जिसका शीर्षक- 'ब्रिटेन में अंतरराष्ट्रीय दमन' है। इस रिपोर्ट में भारत के अलावा चीन, पाकिस्तान, रूस, तुर्की, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इरिट्रिया, बहरीन, रवांडा और मिस्र जैसे देशों का नाम शामिल है, जिन्हें ब्रिटेन में ट्रांसनेशनल रेप्रेशन यानी सीमाओं से बाहर जाकर अपने विरोधियों को डराने-धमकाने या उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है।





# 'सदन के वेल में सीआईएसएफ जवानों का आना बेहद अपमानजनक' : खरगे

**नई दिल्ली।**

मानसून सत्र में बिहार मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण सहित अन्य मुद्दों को लेकर लगातार गतिरोध बना हुआ है। इस बीच राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सांसदों के राज्यसभा में विरोध प्रदर्शन के दौरान वेल में सीआइएसएफ कर्मियों को बुलाए जाने का गंभीर मुद्दा उठाया है। इस संबंध में उपसभापति को पत्र लिखकर उन्होंने आपत्ति दर्ज कराई है। खरगे ने आरोप लगाया कि ऐसा गुरुवार को हुआ और शुक्रवार को भी। सवाल उठाया कि क्या संसद का स्तर इतना नीचे गिर गया है? उन्होंने आपत्ति और स्पष्ट शब्दों में निंदा करते हुए उपसभापति को लिखा है कि हम आशा करते हैं कि भविष्य में जब सांसद जनहित के मुद्दों को उठा रहे हों तो वेल में सीआइएसएफ कर्मियों को न लगाया जाए।

### 'हम स्तब्ध और हैरान...'

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को उपसभापति हरिवंश को सभी विपक्षी दलों की ओर से पत्र लिखा। इसमें उन्होंने लिखा, "हम यह देखकर आश्चर्यचकित और स्तब्ध हैं कि जब सांसद अपने लोकतांत्रिक अधिकार के तहत विरोध प्रदर्शन कर रहे थे तो संसद की वेल में सीआइएसएफ कर्मियों को बुलाया गया।"

# पूर्वोत्तर-पूर्वी भारत में अगले सात दिन भारी बारिश के आसार



**नई दिल्ली।**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगामी अगस्त और सितंबर माह के लिए राहतभरी भविष्यवाणी की है। विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून का दूसरा चरण देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा लेकर आएगा। हालांकि पूर्वोत्तर और कुछ अन्य क्षेत्रों में कम बारिश की आशंका भी जताई गई है। मानसून की बारिश से देश के अधिकांश हिस्सों में हाहाकार मचा है। खासतौर पर हिमालयी राज्यों में भारी तबाही देखने को मिल रही है। पिछले दिनों से जारी भारी बारिश और भूस्खलन के चलते जगह-जगह रास्ते टूटने से अमरनाथ यात्रा 3 सितंबर तक रोक दी गई है। जम्मू-कश्मीर के साथ ही हिमाचल प्रदेश में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कई रास्ते बंद हो गए हैं। कई मैदानी राज्यों में बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। फिलहाल, कोई राहत भी नजर नहीं आ रही क्योंकि मौसम विभाग ने पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र से लेकर पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अगले सात दिन भारी बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। श्रीनगर में अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहलगाम और बालटाल दोनों ही मार्गों से अमरनाथ यात्रा दो दिन और स्थगित कर दी गई है। दोनों मार्गों पर तत्काल मरम्मत और रखरखाव कार्य किए जा रहे हैं। जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से लगातार दूसरे दिन तीर्थयात्रियों की आवाजाही स्थगित रही। इस वर्ष अब तक 4.05 लाख से अधिक यात्री पवित्र गुफा में बाबा बफार्नी के दर्शन कर चुके हैं। भारी बारिश और भूस्खलन से जम्मू संभाग में भी कई रास्ते क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

अगस्त सितंबर में जमकर बरसेंगे बदरा


# अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 पर अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं

**नई दिल्ली।**

सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 को लेकर अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हालांकि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया था कि अमेरिका भारत को एफ-35 जैसे पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान और समुद्री प्रणालियां (अंडर सी सिस्टम्स) देने को लेकर अपनी नीति की समीक्षा करेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा की गई घोषणा के बाद भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की संभावित बिक्री के संबंध में अमेरिका से कोई 'आधिकारिक प्रस्ताव' प्राप्त हुआ है, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित उत्तर में बताया, 13 फरवरी को मोदी-ट्रंप बैठक के बाद भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में उल्लेख किया गया है कि अमेरिका भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एफ-35 जैसे) और समुद्री प्रणालियां देने की अपनी नीति की समीक्षा करेगा। इस मुद्दे पर अभी तक कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है।

भारत- पाकिस्तान संघर्ष से संबंधित प्रश्न के उत्तर में विदेश राज्य मंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल (जब पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ) से लेकर 10 मई तक अमेरिका समेत विभिन्न देशों के साथ विभिन्न स्तरों पर कई कूटनीतिक बातचीत हुई थी।

सरकार ने संसद में दिया जवाब



## संपादक की कलम से

# मंत्रिमंडल की लॉटरी

मानसून का मंत्रिमंडल सत्र तो हो गया, अब विधानसभा सत्र के आगाज की तिथि एवं मजमून तैयार हो रहा है। जाहिर है आपदा के वक्त सरकार की भूमिका और सियासत की परिभाषा में संगत होनी चाहिए, लेकिन बादल फटने का मूड और खड्डों के किनारे टूटने का उसूल बदल गया। हिमाचल इसी मानसून से बहुत कुछ देख रहा है–कहीं पानी पुलों के ऊपर, तो कहीं शहर की गलियां खड्डें बन रही हैं। ऐसे में राहत के न परचम और न ही पांव गिने जाएंगे, फिर भी मंत्रिमंडल की बैठक के सारे उद्बोधन आश्वासन दे रहे हैं कि टूटे घरों की खिड़कियां, पुनः देख पाएंगी अपनी राहत की नींव और सरकार की इच्छाशक्ति की छत करीब आएगी। सरकार टूटे घर को सात लाख और क्षतिग्रस्त को एक लाख हजार्ना देने का हिसाब लगा रही है। मंत्रिमंडल के चार दिन, कई घरों, बेरोजगारों और कर्मचारी इश्तिहारों पर सपने लिख गए। तीन लाख सालाना आय तक, करुणामूलक नौकरी की पात्रता का संदेश कई परिवारों के उजड़े दरिया में समुद्र खोज लाएगा, तो नर्सिंग पाठ्यक्रम में बढ़ती सीटों के आगोश में अभिभावक अपनी औलाद के सपनों को हकीकत में बदल पाएंगे। जाहिर है कई फैसले आवश्यकतानुरूप लिए गए, कई आशा बढ़ाने को लिए गए और कई कारनामा दिखाने को लिए गए, लेकिन प्रदेश के गाल थपथपाने के लिए भी कई सुर्खियां सामने आई हैं। मंत्रिमंडल के सामने आपदा के खुले दरवाजे, विपक्ष की गश्त, बेरोजगारों की कतार, विकास की गुहार और प्रदेश की महत्त्वाकांक्षा के उद्गार लगातार सुने गए, तो हिमाचल के संसाधनों की देखरेख में सियासत के बिल्ले चमकाने की भी आहट रही। इसलिए हिमाचल में अब लॉटरी के खेल–खेल में सौ करोड़ जुटाए जाएंगे यानी शराब के धंधे के बाद लॉटरी का चस्का, प्रदेश के खजाने का रुतबा बढ़ाएगा। अगर पड़ोस में लॉटरी का वसंत काम आया, तो हमारे आंगन में पतझड़ क्यों रखी जाए। चार दिन में भर्तियों की टोकरियां भरी गईं, तो पर्यटन निवेश के जरिये रोजगार को आमंत्रित किया जा रहा है। टूरिज्म क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन परिषद का गठन एक नई हुंकार पैदा कर रहा है। देखना होगा कि कितने कदम लेकर परिदृश्य में नया चमन करवट लेता है। सोलन–सिरमौर में सेटेलाइट टाउन बनाने की उमंग से आवासीय जरूरतों को शगुन मिलने की संभावना बढ़ जाती है, लेकिन पूरे प्रदेश के नक्शे से निकल कर रीयल एस्टेट का जादू चंडीगढ़ के आसपास जिस रफ्तार से बढ़ा है, वहां हिमाचल को शहरीकरण की संपूर्णता में पढा होगा। बसा–बसाया बीबीएन अगर हर रात यहां के शहरीकरण से एक शहर चुराकर रोज चंडीगढ़ की ओर निकल जाता है, तो समझना यह भी होगा कि कहां बस्ती और मंजिल बनानी पड़ेगी। हिमाचल में मोहाली व पंचकूला की तर्ज पर ऊना में एक बड़े शहर की गुंजाइश की भी परख होनी चाहिए। सियासी तौर पर शहरी निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण की पहल से कांग्रेस के राष्ट्रीय मंसूबों का स्थान पक्का किया जा रहा है। हैरानी बस यही है कि मंत्रिमंडल की बैठक और बाहर की चहल पहल में कहीं अंतर पैदा हो रहा है। हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर केंद्रीय शिक्षा मंत्री से प्रदेश में रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की मांग करते हैं, लेकिन इधर केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर के ईंट–पत्थरों पर एतबार नहीं करते। मंत्रिमंडल केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर को उन्नीस करोड़ का पानी पिलाने के लिए उदारता दिखाता है, लेकिन जदरांगल परिसर के अस्तित्व के लिए तीस करोड़ के भुगतान पर खामोश रहता है। जदरांगल परिसर को लेकर उदासीनता की सूची में धूमल व जयराम सरकारों के बाद सुक्खू सरकार भी शामिल हो गई है, यह अब स्वीकार कर लेना चाहिए। भले ही पर्यटन निगम के दफ्तर ने कश्मीर हाउस परिसर को निजी हाथों में जाने से रोक लिया, मगर धर्मशाला के शैक्षणिक माहौल को शिफ्ट करने के लिए सीयू कैंपस का खेल जारी है।



ललित शर्मा
संपादक

**मुकेश अमन**

**दुर्गम-पथ**

**कविता**



बैठे–बैठे कुछ ना होगा।
अब तो सबको उठना होगा।।

देख रहे हो खड़े सामने,
संकट सारे सिर फैलाए।

राई से पर्वत की मानिंद
बढ़ रही है यह बाधाएं।।

अंतस की निद्रा को त्यागो
बहुत जरूरी जगना होगा।

भौतिकता के अंधेपन में,
सारी दुनिया दौड़ रही है।

सुख को छोड़े दुख से दामन,
अपना नाता जोड़ रही है।।

दिखना–बिकना, नई बुराई,
इससे साथी लड़ना होगा।

सबसे पहले खुद से लड़ना
घर से यह शुरुआत करें

बहुत कठिन है बहुत जरूरी
मिलकर सबसे बात करें

दुर्गम पथ के पत्थर–पत्थर
हिम्मत रखकर चलना होगा।

बैठे–बैठे कुछ ना होगा
अब तो सबको उठना होगा।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## वेलकम इंडिया

# भगवान शिव को समर्पित यह भावपूर्ण रचना




शिव स्वास है आस है प्यास है मन से देह तक का उपवास है ,शिव नैन है ज्योति है सितारा है ,शिव प्राण है आपान है वेदो का ज्ञान है ,शिव आदि है अनत है ,शिव संतो मे संत है शिव वाणी मुखधारा है,शिव आस पास हर अणु कण कण का प्यारा है ,शिव आंनद कन्द मकरंद मधुर चंद मात्राओ का रुप अनुप किनारा है शिव जल थल अचल अम्बर नदी तट समुन्दर की लहरे के आवागमन का विस्तार है ,शिव रूप, अनुप अखंड अविरल बहने वाली धारा है शिव ताल थाप नृत्य संगीत का मधुर नजारा है शिव फूल, पात ,डाल,पत्तियो पर फिसलता पानी की बूंद का सरल नजारा है ,शिव काम क्रोध लोभ मोह आदि अनन्त हर रूप का अनमोल ग्रन्थ हमारा है ,शिव कौन, मै,तुम, हम,जगत की उत्पत्ति का सांराश ओर विस्तृत रूप किनारा है, शिव डोलता, कुछ बोलता शिव कुछ मौन सी गभीर धारा है ,शिव शिव शिव शिव शिवाय ओमकार, त्रिनेत्र धारी,अमृत की धारा है शिव गंगधार को धारे,त्रिशूलधारी,त्रिपुरारी, अंनतकोटि देवआदि देव पार्वती का प्यारा है ..........शिव अनन्त ना

जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएँ।
इस विशेष दिन पर, भगवान शिव को समर्पित यह भावपूर्ण रचना, उनके श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है।
लेखक : अंजलि खन्ना

# दुनिया के इन जादुई झरनों को देखकर बन जाएगा आपका दिन, छूमंतर होगा सारा स्ट्रेस

पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। दुनिया भर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है।

ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंदरता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।



**एंजेल फॉल्स , वेनेजुएलाः** वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीकाः** दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरूः** पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम 'थ्री सिस्टर्स' पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाईः** संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

**युंबिला फॉल्स, पेरूः** बता दें कि युबिला फॉल्स सबसे ऊंचे झरनों में शामिल है, यह पेरू में है। हाल ही में खोज में यह झरना पाया गया है। जोकि पेरू के घने जंगलों में छिपा है और अब धीरे-धीरे फेमस हो रहा है। यहां पर आपको चारों ओर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।

# छड़ी जाहर दीवान गंज मेला का विधि विधान से पूजन अर्चना कर उद्घाटन किया

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा महात्मा विदुर की तपोभूमि पर श्रावण मास में आयोजित छड़ी जाहर दीवान गंज मेला का संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं विधि विधान से पूजन अर्चना कर उद्घाटन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा मेले को शांतिपूर्वक एवं सकुशल रूप से सम्पन्न होने की कामना की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने मेले आयोजन की व्यवस्था एवं सुरक्षा पर संतोष व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि उत्साह व उमंग भरे इस मेले को जिले के लोग लम्बे समय से मनाते आ रहे हैं और जिले के असंख्य लोग यहां आकर अपनी आस्था को प्रकट करते है। उन्होंने जिले के प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों तथा मेले में व्यवस्था बनाने वाले अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओ की सुख सुविधाएं, सुरक्षा व मेले में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मेले में पालोथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित कराएं तथा मेले में समस्त प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरों का प्रयोग भी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की वह अपनी उचित व्यवस्था व अपने दायित्वों व कर्तव्यों का पालन कर मेले में आने वाले बडी संख्या में लोगों को ध्यान में रखकर मेले की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करें। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि छड़ी जाहर दीवान गंज मेला पौराणिक धार्मिक पर्व है, जो हमें गंगा-जमुनी तहजीब की सीख देता है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति का प्रतिक है तथा यह हमारी धरोहर है, इन्हें सद्भाव के साथ मनाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मेले में शिकायत केन्द्र व खोया पाया केन्द्र स्थापित करने व उसका 24 घंटे संचालन कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, समस्त जिला पंचायत सदस्य, जन प्रतिनिधिगण एवं गणमान्य लोग सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गागलहेडी थाना प्रभारी विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में गागलहेड़ी पुलिस एक के बाद एक कर रही है खुलाशें

**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**



**सहारनपुर।** गागलहेड़ी पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को किया घायल घायल बदमाश के पास से अवैध तमंचा हुआ बरामद गागलहेडी थाना क्षेत्र के गांव निवादा से मुगल माजरा की और जाने वाले मार्ग पर हुई मुठभेड़ गागलहेडी थानाध्यक्ष विनोद कुमार मय फोर्स के ग्राम नवादा, नागदेव नदी के पास चैकिग कर रहे थे। तभी ग्राम मुगल माजरा थाना कोतवाली देहात बार्डर की तरफ एक मोटरसाईकिल पर एक सदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया, जो सामने पुलिस को चैकिग करते देख वापस मुडकर जंगल के कच्चे रास्ते की त?फ भागने लगा, पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर हडबडाहट मे मोटरसाईकिल कच्चे रास्ते पर फिसल कर गिर गयी। मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति मोटरसाइकिल छोडकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर जंगल की तरफ भागने लगा। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग मे बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगने से घायलावस्था मे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार घायल बदमाश की पहचान नफीस उर्फ काला पुत्र अय्यूब निवासी महमूद तिवाई उर्फ सैय्यद माजरा थाना गागलहेडी जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है।

# सीएचसी अधीक्षक ने चौधरी मेडिकल स्टोर का किया उद्घाटन



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा के अधीक्षक डा. सुरेश चंद्रा ने चौधरी मेडिकल स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें। खानपान पर पूरा ध्यान दें। इस अवसर पर सपा नेता सुबोध चन्द्र यादव, मुनीरुल हसन चौधरी, गौहर अली खान, पूर्व प्रमुख मशहूर आलम चौधरी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हाजी मुहम्मद नजीर, एजाज मुनीर, रिजवान मुनीर, शाहनवाज मुनीर, अदील अहमद, अबूजर चौधरी, इकरामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगी परीक्षा तैयारी एवं इंग्लिश स्पीकिंग सिखाने के लिए निशुल्क संकल्प क्लासेज का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव पहल करते हुए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी एवं इंग्लिश स्पीकिंग सिखाने के लिए निशुल्क संकल्प क्लासेज का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय अब शिक्षा को मात्र डिग्री तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे जीवन-निर्माण और आत्म-निर्भरता का प्रभावी साधन बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी और नवाचारी पहल कर रहा है। इसी क्रम में आज से प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से महाविद्यालय में ह्यसंकल्पह्न नामक विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया जाएगा जिनमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी और इंग्लिश स्पीकिंग सीखने का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को ऐसा गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करना है, जिससे वे अपनी स्नातक और परास्नातक की शिक्षा के साथ-साथ शिक्षक भर्ती, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस, यूपीएससी, आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी सक्षम रूप से तैयारी कर सकें। साथ ही अंग्रेजी भाषा में दक्षता प्राप्त कर आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के क्षेत्र में भी नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकें। इन कक्षाओं का संचालन महाविद्यालय के चयनित, अनुभवी और समर्पित प्राध्यापकों द्वारा किया जाएगा जिनके पास स्वयं प्रतियोगी परीक्षाओं का चयन एवं मार्गदर्शन का दीर्घकालिक अनुभव है। प्रोफेसर दिनेश सिंह ने कहा कि महाविद्यालय की यह पहल न केवल महाविद्यालय की सामाजिक एवं शैक्षिक ज़िम्मेदारी का परिचायक है, बल्कि यह उन हजारों युवा सपनों को पंख देने की कोशिश है जो गाँवों और कस्बों में पलते हैं, और जिन्हें सही दिशा व अवसर मिलने पर वे भी उड़ान भर सकते हैं। अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। डॉ. साजिद अंसारी, मोहम्मद सुलेमान ने भी छात्रों को संबोधित किया। संकल्प क्लासेज के संचालन के लिए महाविद्यालय में एक ऑडियो-वीडियो तकनीक से युक्त एक विशेष स्मार्ट कक्षा की स्थापना की गई है। इस अवसर पर प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर महिपाल सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, डॉ. जैनुल आबदीन, मोहम्मद आरिफ, सनी कुमार, अरविन्द कुमार, अमित कुमार, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. संतोष देवी, डॉ. मीनाक्षी चौहान, नरेंद्र सिंह, डॉ॰ देवेश कुमार, डॉ. कुलदीप सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में देशभक्ति गीतों से गूंजा प्रांगण




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 के सभी वर्गों के लिए अंतर-हाउस देशभक्ति समूह गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने अपने देश प्रेम का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। जिससे पूरा विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंग में रंग गया। प्रतियोगिता का सफल संचालन प्रशांत शर्मा ने किया। सभी शिक्षकों ने छात्रों के प्रदर्शन को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी और सुनीता वर्मा उपस्थित रहीं। दोनों सम्माननीय निर्णायकों ने छात्रों के प्रदर्शन का बारीकी से मूल्यांकन किया। कड़े मुकाबले के बाद, प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रथम स्थान पर नाइल हाउस, द्वितीय स्थान पर ज्यूपिटर हाउस, तृतीय स्थान पर पेसिफिक हाउस रहा। प्रतियोगिता के समापन पर प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों के उत्साह और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति गीतों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में देश प्रेम और एकता की भावना सुदृढ़ होती है। यह आयोजन छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जिसने उनमें देशभक्ति की भावना को और भी गहरा किया।

# बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ , कार्यकताओं के बल पर जीतेंगे पंचायत चुनाव हरीश गंगवार



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पहली बैठक रठौंडा और केमरी मंडल के सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक और मंडल पदाधिकारी के साथ रास डांडिया में आयोजित की गई।।

दूसरी बैठक बिलासपुर नगर और ग्रामीण मंडल क्षेत्र की संयुक्त बैठक, बिलासपुर नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित की गई।। बैठक में जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा और जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक बूथ अध्यक्ष से बात की और उनके द्वारा दी गई जानकारी को सत्यापित किया गया। चौधरी राजा वर्मा ने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी से भारतीय जनता पार्टी है और आप ही लोग भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक चुनाव में पार्टी को विजई बनाते हो, आज हम लोग आपके बीच इसीलिए आए हैं आने वाले चुनाव से पहले संगठन का दोबारा से विस्तार किया गया है और आप सबसे ली गई जानकारी, चाहे वह आपका मोबाइल नंबर हो या आपकी अन्य जानकारियां उनको सत्यापित करना जरूरी है।। जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा, जल्दी ही आने वाले समय में हम सबको चुनाव में जुड़ जाना है।।सबसे पहले चरण में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का है, जिससे हम अपना जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख, भारतीय जनता पार्टी का बना सके, त्रिस्तरीय चुनाव के बाद अगला चुनाव विधानसभा चुनाव का होगा, जिसमें हमें दोबारा से योगी जी को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनना है जो कि आप सब के सहयोग के बिना संभव नहीं।। बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ होती है।

# रामपुर के समस्त थाना प्रभारियो द्वारा 107 गांवो में स्थानीय लोगो के साथ गोष्ठी कर 4705 व्यक्तियों को जागरूक किया




**वेलकम इंडिया**

रामपुर। विगत कुछ दिनों से जनपद रामपुर में ड्रोन उड़ते देखे जाने सम्बन्धी सूचनाएँ स्थानीय जनता के व्यक्तियो एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म से प्राप्त हो रही हैं । आसमान में ड्रोन देखे जाने की सूचनाओं को लेकर जनता के लोगों में भय एवं असमंजस की स्थिति बनी हुयी है । जिसके सम्बन्ध में अभी तक की जानकारी से जनपद रामपुर में असामान्य रूप से आसमान में ड्रोन देखे जाने की स्पष्ट रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है ।जनपद के सभी थानो में ड्रोन सम्बन्धी अफवाहो पर अंकुश लगाए जाने हेतु सभी राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों द्वारा निरन्तर रूप से गांवो में भ्रमण कर जागरूक किया जा रहा है जनपद रामपुर के समस्त थाना प्रभारियो द्वारा 107 गांवो में स्थानीय लोगो के साथ गोष्ठी कर 4705 व्यक्तियों को जागरूक किया* गया तथा ऐसी स्थिति में आमजन द्वारा क्या किया जाये और क्या न किया जाये के सम्बन्ध में अवगत कराया गया ।

# लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास की रामपुर में कार्यकारिणी का गठन



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** ईदगाह शाहाबाद गेट नियर ग्लास स्टूडियो में लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के जिला कार्यालय पर जनपद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष कामरान आमिर ने राशिद अली खां को महासचिव, आसिफ खां को जिला महामंत्री, डा.सैफ उल्लाह को जिला मंत्री, मनोज कुमार गोयल को कोषाध्यक्ष, आरिफ खां को जिला संगठन मंत्री, फैजान खान को प्रचार मंत्री, मीडिया प्रभारी शानू खां को मनोनित किया गया। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी सौंपें गये। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि वह पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंच जाएंगे। साथ ही सभी का फूल मालाओं से स्वागत भी किया।

# हेपेटाइटिस बी और सी को रामपुर से खत्म करने को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और स्टाफ तैयार

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** सदर अस्पताल में दो दिन पहले लगाई गई हेपेटाइटिस बी और सी जांच मशीन के लिए आज 50 सैंपल लिए गए। इस मशीन का उद्घाटन दो दिन पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा के कर कमलों से हुआ था। गौरतलब रहे कि मंडल भर के मरीजों को हेपेटाइटिस बी और सी की जांच के लिए मेरठ भागना पड़ता था। दो दिन पहले यह समस्या दूर हो गई। सीएमएस ने आज डॉ. शिवानी सक्सेना और दिल्ली से आए शिवम व मुकेश सहित हेपेटाइटिस बी ओर सी विशेषज्ञों की टीम के साथ सदर अस्पताल की पैथोलॉजी टीम का मार्गदर्शन किया। लिए गए 50 सैंपलों की रिपोर्ट आज 24 घंटे के भीतर मिल जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि रामपुर के स्वार और बिलासपुर क्षेत्र में हेपेटाइटिस बी और सी के मरीजों की संख्या ज्यादा हैं।

# आइडियल सिंगिंग एकेडमी नजीबाबाद ने दी 45वीं पुण्यतिथि पर मौहम्मद रफी को सुरीली श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद ।** आईडियल सिंगिंग एकेडमी की ओर से महान गायक पद्मश्री मौहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि पर एक गीतो भरी शाम ₹याद ए रफी₹ का आयोजन किय गया। जिसमें में आइडियल सिंगिंग एकेडमी नजीबाबाद के गायको ने रफी साहब के सदाबहार सुपर हिट नगमे गाकर दी मौहम्मद रफी को सुरीली श्रद्धांजलिदी गुरूवार की शाम मौहल्ला गडरियान में नगर के मशहूर सिंगर शमशाद अहमद के आवास पर आईडियल सिंगिंग एकेडमी की ओर से महान गायक पद्मश्री मौहम्मद रफी की 45वीं पुण्यतिथि पर एक गीतो भरी शाम ₹याद ए रफी₹ का आयोजन किय गया। जिस में शहर के मशहूर गायको ने मौहम्मद रफी साहब की 45वीं पुण्यतिथि पर रफी साहब के सदाबहार सुपर हिट नगमे गाकर सुरीली श्रद्धांजलि। इस मौके पर शमशाद अहमद ने..... पत्थर के सनम तुझे हमने मौहब्बत का खुदा जाना। शादाब जफर ने.... आने से उस के आये बहार जाने से उस के जाये बहार। अजय वर्मा ने.......ओ मेरी महबूबा, महबूबा, महबूबा तुझे जाना है तो जा तेरी मर्जी मेरा क्या। अनीस खां ने.हसीन खां एडवोकेट ने.मतलब निकल गया है तो पहचानते नही। नगमे पेश कर समां बांध दिया। जिस की कार्यक्रम में मौजूद सभी श्रोताओं ने दिल खोलकर तारीफ की। श्रोताओ ने तालिया बजा,बजा कर गायक कलाकारो का खूब हौसला बढाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईडियल सिंगिंग एकेडमी के डायरेक्टर हसीन खॉ एडवोकेट ने कहा की रफी साहब के दुनिया से जाने के बाद भी उन की कला और खूबसूरत आवाज उन्हे जिन्दा रखे हुए है। उन की ये कला उन्हे कभी मरने नही देगी। वो रहती दुनिया तक यू ही लाखो की जुबान और दिलो में जिन्दा रहेगे।इस अवसर पर नफीस अहमद, जुल्फूकार अहमद, नाजिश खां, नौशाद मुल्तानी, शादाब खान, शहजाद्र खान आदि लोग मौजूद रहे। देश और दुनिया के सबसे लोकप्रिय गायक और संगीत जगत का फरिश्ता पदमश्री मोहम्मद रफी साहब का फिल्म संगीत मैं असाधारण और सराहनीय योगदान है । उन्होंने हिंदी संगीत को एक नई परिभाषा दी और उन्हें सुनहरे दौर का सर्वोत्तम सम्पूर्ण गायक के रूप मैं जाने जाते हैं ।4 दशकों तक अपनी मधुर आवाज से मनोरंजन किया आज भी घर घर मैं उनके गीत बजते सुनाई देते है नए गायक भी उनसे प्रेरणा लेते है ।उन्होने हर एक्टर के लिए गाया रफी साहब को शताब्दी का सबसे टॉप गायक का भी उन्हें सम्मान प्राप्त है। 100 साल के सबसे ज्यादा टॉप श्रेणी में उनके गीत है ।वे एक गायक के अलावा बेहतरीन इंसान भी थे ।उनके अद्भुत, सराहनीय और असाधारण फिल्म संगीत मैं योगदान के लिए वे भारत रत्न के सच्चे हकदार है ।

# जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रोग मुक्त जीवन जीने की डालो आदत और करो योग रहो निरोग पर जागरूकता साइकिल रैली निकाली

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यालय हापुड़ में श्रीमती ब्रह्मा देवी बालिका विद्यालय हापुड़ से एसएससी इंटर कॉलेज हापुड़ तक रोग मुक्त जीवन जीने की डालो आदत* और करो योग रहो निरोग पर जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई, जिसे मंत्री कश्यप जी व जिलाधिकारी हापुड़ अभिषेक पांडेय जी द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया इस रैली में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद संस्था हापुड़ के स्काउट गाइड ने तथा हापुड़ मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।इसी अवसर पर भारत स्काउट और गाइड जनपद संस्था हापुड़ के सौजन्य से एक विशाल पदयात्रा तिरंगा रैली रेलवे पार्क फ्रीगंज रोड हापुड़ से एसएससी इंटर कॉलेज हापुड़ तक निकाली गई,

इस रैली को माननीय मंत्री जी, तथा जिलाधिकारी हापुड श्री अभिषेक पांडेय जी द्वारा हरी झंडी द्वारा रवाना किया गया,इस रैली में बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूलों के स्काउट गाइड तथा छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ *करो योग रहो निरोग* और* *वंदे मातरम* के जय जयकारों से नगर को गुंजायमान कर दिया।इस अवसर पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक शैलेंद्र कुमार जी, जिला मुख्यायुक्त पारुल त्यागी, जिला कमिश्नर स्नेह प्रभा, जिला सचिव कृष्ण द्विवेदी, हेडक्वार्टर स्काउट कमिश्नर डॉ मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह, भारत भूषण वत्स, जिला संगठन आयुक्त स्काउट और गाइड श्री प्रकाश शर्मा तथा नीता कौशिक, डी टी सी अमित कुमार, जुबेर तथा प्रशांत और विभिन्न विद्यालयों के यूनिट लीडर्स शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।विशाल भव्य और अनुशासित रैली के लिए प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यालयों के सम्मानित प्रधानाचार्य साथियों का, सभी यूनिट लीडर्स शिक्षक और शिक्षिकाओं का तथा सभी स्काउट गाइड और छात्र-छात्राओं का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया।

# सीमावर्ती बजहां व खुनुवा में संयुक्त टीमों की कार्रवाई में 85 बोरी यूरिया खाद हुई बरामद

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बजहां/खुनुवा/सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल सीमा पर अलग-अलग टीमों की छापेमारी में 85 बोरी यूरिया की बरामदगी की गई है।बजहा चौकी क्षेत्र में एसएसबी और कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन बाइक और 30 बोरी खाद बरामद करते हुए एक तस्कर को पकड़ा है। वहीं खुनुवा की एंटी स्मगलिंग ड्राइव टीम ने सीमा से सटे स्थित गुजरौलिया गांव के एक खंडहर से तस्करी के लिए इकट्ठा की गई 55 बोरी यूरिया पकड़ा है। भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के बजहा चौकी के टोला राम नगर मटियरिया में कृषि विभाग और एसएसबी ने 30 बोरी उर्वरक तीन बाइक के साथ एक युवक को पकड़ा है।दो बाइक चालक भागने में सफल रहे। रात एक बजे जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल ने एसएसबी जवानों के साथ घेराबंदी कर कर्रवाई की।पकड़े गए तस्कर की पहचान अवधेश कुमार निवासी मटियारिया के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि कैरियर है और केवल कुछ रुपये के लिए काम करते हैं। खाद दूसरे की है। कृषि अधिकारी ने उसके खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस खाद के साथ तस्कर को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है।

कार्रवाई में सहायक कृषि अधिकारी सूरज कुमार, एसएसबी इंस्पेक्टर नीरज कुमार शर्मा, एएसआई जनमेजर नाथ, अजय कुमार, जय सिंह, चौकी प्रभारी अमला यादव शामिल रहे।वहीं खुनुवां पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिली कि सीमा से सटे गुजरौलिया गांव में स्थित एक खंडहर मकान में तस्करों ने नेपाल ले जाने के लिए खाद जमा की है। इस सूचना पर ड्राइव टीम ने मुखबिर के बताए चिह्नित स्थान की घेराबंदी कर तलाश की।इस दौरान एक जर्जर मकान में लावारिस हालत में 55 बोरी यूरिया बरामद हुआ। बताया कि यह मकान शेख साहब का है। अब उनका परिवार लखनऊ में रहता है। बरामद 55 बोरी खाद को कस्टम एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए खुनुवां कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया। टीम में एसएसबी के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मीणा, हेड कांस्टेबल विनय कुमार गुप्ता, कांस्टेबल सलीम मुबारक, नायडू सरोज, हेड कांस्टेबल राम शंकर, उपेंद्र दूबे शामिल रहे।

# आजादी की लड़ाई में हुए शहीदों की याद में होगा विशाल कार्यक्रम अजेय भारद्वाज

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के धौलाना निवासी व उधोग बंधु वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पंडित अजेय भारद्वाज ने बताया की आजादी की लड़ाई जिन वीर सपूतों ने लड़ी आज युवा पीढ़ी उन्हें भूलती जा रही है जबकि सच यह है आज अगर हम देश के नागरिक हैं तो उन योद्धा की बदौलत भारद्वाज ने बताया की आजादी की पूर्व संध्या पर औद्योगिक क्षेत्र यूपीएसआईडीसी में निकट पुलिस चौकी पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहीदों की याद में रक्तदान शिविर,उन्हें श्रद्धांजलि के लिए हवन तथा हवन के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम औद्योगिक क्षेत्र में प्रथम बार किया जा रहा है जिसमें सभी लोगों का बढ़ चढ़कर सहयोग मिलेगा और यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम कहलायेगा भारद्वाज ने अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर रक्तदान करें हवन में आहुति दें और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।अजेय भशहीदों को नमन करते हुए रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि अर्पित करें।और विशाल भंडारे की शोभा बढ़ाए।

# अति पिछड़ा वर्ग एकजुट हो और अपने वोट की कीमत समझे -रितेश सैन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



नजीबाबाद भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन नजीबाबाद विधानसभा के गांव गांव जाकर अति पिछड़े वर्ग को एकजुट करने का काम कर रहे हैं इसी संबंध में आज भाजपा नेता रितेश सैन नजीबाबाद विधानसभा के नांगल मंडल के गांव लालपुर सोजीमल में अति पिछड़े वर्ग के लोगों के साथ बैठक करके अति पिछड़े वर्ग को एकजुट रहने की अपील की उन्होंने कहा कि अति पिछड़े वर्ग के लोगों को कुछ लोग या तो अपने प्रभाव में लेते हैं या उनको गुमराह करके डराने धमकाने का कार्य कर रहे हैं और अति पिछड़े वर्ग का शोषण करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं आने वाले समय में जिला पंचायत और प्रधान पद के चुनाव होने जा रहे हैं तो हम सब अति पिछड़े वर्ग के साथियों को एकजुट होकर जो भी प्रत्याशी संगठन की ओर से बनाए जाएं उनका पूरा सपोर्ट करना है और उन्हें का सहयोग करना है भारतीय जनता पार्टी रीति नीति की पार्टी है और पार्टी का जो भी प्रत्याशी पार्टी से टिकट लेकर आएगा उसका हमें पूरा सहयोग करना है उसका सपोर्ट करना है उसका प्रचार करना है और उसी प्रत्याशी को अपना प्रत्याशी मानकर पूरा अति पिछड़ा वर्ग खुलकर उसका साथ देगा। इसे अति पिछड़ा वर्ग मजबूत होगा लेकिन कुछ लोग संगठन के साथ रहकर भी संगठन के साथ नहीं होते हैं और अति पिछड़े वर्ग के प्रत्याशी को सपोर्ट नहीं करते हैं तो हमें यह ध्यान में रखते हुए किसी के बहकावे में नहीं आना है और पूरा अति पिछड़ा वर्ग एकजुट होकर पार्टी के प्रत्याशी को वोट करने की अपील करेगा और स्वयं भी पार्टी प्रत्याशी को ही वोट देगा रितेश सैन ने लालपुर सोजीमल में पार्टी कार्यकर्ता अजय कुमार के भाई का उत्तर प्रदेश पुलिस में चयन होने पर उनके घर जाकर उनको शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर प्रदीप पाल रजनीश पाल अजय कुमार अक्षय कुमार मिथुन कुमार देवेश कुमार राम सिंह राजकुमार सुरेंद्र पाल मौजूद रहे।

# चोरी के फोन के साथ दो आरोपित गिरफ्तार




**वेलकम इंडिया रजा**

**जनपद बिजनौर के मंडावर।** पुलिस ने चोरी के फोन के साथ दो आरोपीतो को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। थाना लक्सर के गांव टांडा महनादा निवासी जितेंद्र पुत्र रायबहादुर ने मंडावर थाने में तहरीर दी थी कि थाना क्षेत्र के गांव नारायणपुर में शराब की दुकान के पास उसकी जेब से किसी ने फोन चुरा लिया है। जिसमें पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। ओर तलाश में लग गई थी।जिसमें मे पुलिस प्रकाश में आये नाम बाले उर्फ धर्मवीर पुत्र घिस्सू निवासी इनामपुरा, एवं राजकुमार उर्फ अजय पुत्र यशपाल निवासी मिजार्पुर थाना मंडावर को गिरफ्तार किया।जिनके पास से चोरी किया हुआ फोन बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितो का चालान कर दिया है।

# पूर्व पदाधिकारी हरीश चौधरी ने गाड़ी पर प्रदेश प्रभारी की प्लेट लगाकर रोब जमाया, भाजपा की छवि पर भी उठ रहे सवाल

**वेलकम इंडिया**




**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** भारतीय जनता पार्टी के सहकारिता प्रकोष्ठ की भंग हो चुकी कार्यकारिणी के एक पूर्व पदाधिकारी श्री हरीश चौधरी पर नियमों की खुली अवहेलना और संगठन की छवि धूमिल करने का आरोप लगा है। मामला और भी गंभीर तब हो गया जब उन्होंने अपनी निजी गाड़ी पर नंबर प्लेट के ऊपर बड़े-बड़े अक्षरों में ह्लप्रदेश प्रभारी, सोशल मीडिया, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठह्व लिखी प्लेट लगा रखी है। सूत्रों के हवाले से ज्ञात हुआ कि ये कार्यकारिणी अब अस्तित्व में नहीं है और जल्द नई कार्यकारिणी बनेगी। ऐसे में पूर्व पदनाम का इस्तेमाल कर न सिर्फ.लोगों को गुमराह किया जा रहा है, बल्कि भाजपा जैसे अनुशासित संगठन की साख पर भी सीधा प्रहार हो रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यक्रमों में बार-बार यह निर्देश दिए जाते हैं कि पदाधिकारी अपने विज़िटिंग कार्ड पर भी नाम के साथ पद न छापें, ताकि संगठन के नाम का दुरुपयोग न हो। ऐसे में गाड़ी पर बड़े-बड़े अक्षरों में पदनाम लिखकर सार्वजनिक रूप से रोब जमाना तो पूरी तरह नियमों और नैतिक मयार्दाओं का घोर उल्लंघन है।

भाजपा कार्यकताओं में भी इस मामले को लेकर नाराजगी है। उनका कहना है कि ऐसे कृत्य से आम जनता में गलत संदेश जाता है कि पूर्व पदाधिकारी अब भी अधिकारिक पद पर हैं, जबकि सच्चाई यह नहीं है। यह न सिर्फ.सत्ता और पद के दुरुपयोग का उदाहरण है, बल्कि जनता और प्रशासन को भ्रमित करने का तरीका भी है। राजनीतिक हलकों का कहना है कि इस तरह के मामलों पर भाजपा को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पूर्व पदाधिकारी संगठन के नाम का दुरुपयोग कर निजी छवि चमकाने और दबदबा बनाने की कोशिश न कर सकें। यह मामला भारतीय जनता पार्टी जैसे सख़्त अनुशासन वाले संगठन की कार्यसंस्कृति पर भी सवाल उठाता है। अगर विज़िटिंग कार्ड पर भी पदनाम छापने की मनाही है, तो गाड़ी पर पदनाम लिखकर खुलेआम शक्ति प्रदर्शन संगठन के सिद्धांतों और मूल्यों की सीधी अवहेलना है।

आम जनता का स्पष्ट मत है कि इस तरह के दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी पदाधिकारी या पूर्व पदाधिकारी संगठन की साख के साथ खिलवाड़ न कर सके। भाजपा नेतृत्व को चाहिए कि ऐसे मामलों को हल्के में न लेकर तत्काल कार्रवाई करे, जिससे संगठन की गरिमा और जनता का भरोसा दोनों बरकरार रह सकें।

# एडवोकेट रजत कलसन के मामले में अधिवक्ताओं को एकजुट होकर विरोध करना चाहिए: लाल बहादुर खोवाल

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल स्टेट चेयरमैन हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने कहा है कि एडवोकेट रजत कलसन के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण रवैया और राजनीतिक दबाव परिलक्षित होता है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल एक अधिवक्ता पर कार्रवाई का नहीं बल्कि वकील बिरादरी की स्वतंत्रता और गरिमा से जुड़ा विषय है क्योंकि हमने सोशल मीडिया पर देखा कि किस तरह से पुलिस उनको जमीन पर बिठाकर उसे लज्जित करने का काम कर रही है। एडवोकेट खोवाल ने जोर देकर कहा कि ऐसे मामलों में सभी अधिवक्ताओं को जातिगत सीमाओं से ऊपर उठकर संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से एकजुट होकर विरोध करना चाहिए ताकि पुलिस-प्रशासन व सत्ता को यह स्पष्ट संदेश जाए कि वकीलों के साथ कोई भी मनमानी, राजनीतिक हस्तक्षेप या दमनात्मक कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि कानून की की परवाह किए बिना अगर आज एक वकील को इस तरह टारगेट करने की छूट पुलिस को दे दी गई तो कल किसी भी अधिवक्ता को झूठे मामलों में फंसाना आसान हो जाएगा। इसलिए अधिवक्ता समाज को अपनी सामूहिक शक्ति और एकता का परिचय देना होगा।

# भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा ने हरियाली तीज महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम हुआ




**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के पिलखुवा भारत विकास परिषद सृष्टि शाखा के तत्वाधान में विराट हरियाली तीज महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम फूड वेली होटल पिलखुवा में बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली से पधारी बबली गर्ग रही, उन्होंने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा कर सृष्टि शाखा की सराहना की।कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष कवित बंसल ,प्रांतीय महासचिव मुक्ता अग्रवाल ,प्रांतीय वित्त सचिव प्रवेश चंद गुप्ता प्रांतीय मार्गदर्शक नरेंद्र शर्मा व प्रांतीय चेयरमैन मीडिया वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार अशोक गोयल जी रहे।कवि अशोक गोयल की काव्य प्रस्तुति पर सम्पूर्ण सभागार तालियों से गुंजायमान हो गया।कार्यक्रम का सुंदर संचालन शाखा मार्गदर्शक बीना गोयल ने किया।कार्यक्रम में छोटे ,बड़े ,बच्चे सभी ने अपनी प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में दादी पोती का डांस ,महिलाओं की प्रस्तुति, बच्चों के डायलॉग ,और महिलाओं की कुछ नाटकीय डांस प्रस्तुति रही। सभी बड़ों के गेम्स ,बच्चों के गेम्स, क्विज आदि कार्यक्रम रहे। सभी ने बहुत एंजॉय किया। हमारे अतिथि और प्रांतीय अधिकारी और शाखा की सभी सम्मानित सदस्यों ने बहुत एंजॉय किया।कार्यक्रम का संचालन मार्गदर्शक बीना गोयल जी ने किया। सभी को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।हमारे अतिथि और सभी अधिकारियों ने भी गेम्स का भरपूर आनंद लिया। वर्षा सिंघल हमारी तीज क्वीन रही। सावन के हरियाली उत्सव के शुभ अवसर पर सभी को तिलक लगाकर फूलों से और तुलसी जी के पौधे देकर संस्था की मार्गदर्शक बीना गोयल , अध्यक्ष शशि गुप्ता, सचिवअल्का अग्रवाल , कोषाध्यक्ष श्वेता बंसल ,महिला सहभागिता संयोजिका हिमानी बंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी काआभार प्रकट किया गया।

# मथुरा जनपद मे पहली बार निकली दक्ष प्रजापति महाराज जी की भव्य शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** प्रजापति समाज ने अपनी एकता और शक्ति का प्रदर्शन करते हुए प्रथम महाराजा दक्ष प्रजापति शोभा यात्रा का आयोजन किया। इस शोभा यात्रा का शुभारंभ भैरव गली प्रजापति मोहल्ला से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव श्री दास प्रजापति जी और राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ आगरा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति जी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष दीपक गोला ने विधिवत शुभारंभ किया। और कहा की मथुरा जनपद मे प्रथम बार सृष्टि के प्रमुख कर्ता परमपिता परमेश्वर ब्रह्मा जी कि मानस पुत्र थे बल्कि सृष्टि के आदर्श राजा महान तपस्वी और धर्म की सबसे बड़े रक्षक भी थे उनकी जयंती मनाना केवल परंपरा ही नहीं बल्कि प्रजापति समाज के लिए गौरव गरिमा और जागरूकता का उत्सव भी है मथुरा जिला ही नहीं भारत वर्ष के हर राज्य हर जिले में बड़ी धूमधाम से ऐतिहासिक पर्व को मनाया जा रहा है इस आयोजन पर्व माध्यम से प्रजापति समाज को संगठित शिक्षित और आत्म निर्भर बनाने के लिए एक नई दिशा देना ही प्रथम प्राथमिकता व उद्देश्य है दक्ष प्रजापति महाराज की शोभा यात्रा को समाज के वरिष्ठ समाजसेवी और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।जगह-जगह पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जिसमें:भरतपुर गेट, चौक बाजार, भैरव गली, गुर्जर घाटी प्रजापति समाज, शरद चतुर्वेदी चूड़ी वाली ठेक पर, यमुना हवेली पवन गोस्वामी जी, होली गेट पर प्रशांत यादव जी, तेल मिल वाली गली में उमेश गोला और डोरी लाल गोला ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बलवीर सिंह गोला,सुरेश चंद्र प्रजापति, अनिल गोला, केदारनाथ गोला, नरेंद्र गोला, भानु प्रताप गोला, हरिओम गोला, राजू गोला, अनिल गोला, राजेश गोला, गोविंद गोला, ज्ञान सिंह गोला, पंकज गोला,समस्त प्रजापति समाज उपस्थित रहे।

# आनंद सिटी परिवार द्वारा मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** आनंद सिटी परिवार द्वारा ब्रज में हरियाली तीज महोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया।इस विशेष अवसर पर पूरा परिसर हरियाली और उत्सव की भावना से सराबोर रहा। महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहनकर कार्यक्रम में भाग लिया, जिससे माहौल और भी रंगीन एवं मनोहारी बन गया। महोत्सव की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिससे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।इसके पश्चात संध्या फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिवार की महिलाओं ने भाग लिया और पारंपरिक गीतों के साथ झूला झूलते हुए तीज का स्वागत किया। संगीत, शायरी, खेल-कूद, नृत्य और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों से लेकर वरिष्ठजनों तक सभी ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य एवं तीज गीत रहे, जिन्होंने सभी को भावविभोर कर दिया। बीना चौधरी, कांता सिंह, अनीता शर्मा, रमन सिकरवार, प्रिया दुबे, सविता चौधरी, प्रतिमा चौहान एवं कीर्ति मिश्रा सहित समस्त आनंद सिटी परिवार के सदस्य कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए और आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।महोत्सव के अंत में सभी को तीज की शुभकामनाएं दी गईं तथा पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया गया। इस प्रकार आनंद सिटी में हरियाली तीज का पर्व सामूहिक एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और उल्लास का प्रतीक बन गया।

# डीएम एवं एसडीएम गोवर्धन ने ग्राम महरौली एवं जानू के जलग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने वर्षा ऋतु के दृष्टिगत हो रहे जलभराव के संबंध में ग्राम महरौली एवं जानू का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों से वार्ता की तथा विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने खेतों में हो रहे जलभराव का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों, सचिवों तथा लेखपालों को निर्देश दिए कि खेतों में पंप लगाकर पानी निकालने का कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समन्वय स्थापित करते हुए जलभराव की समस्या का निराकरण सुनिश्चित करे। ग्रामवासियों द्वारा जलभराव की समस्या के निराकरण के विभिन्न उपाय जिलाधिकारी से सांझा किए गए। जिलाधिकारी ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना तथा लेखपाल व सचिव को निर्देश दिए कि विभिन्न पुलिया एवं नालों की सफाई कराए। जिलाधिकारी ने लेखपाल एवं सचिव से ग्राम में क्षतिग्रस्त मकानों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। प्रभावित परिवारों की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने लेखपाल, सचिव तथा उप जिलाधिकारी गोवर्धन को निर्देश दिए कि सभी क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे कराए। सर्वे कराकर नियमानुसार मुआवजा दिया जाए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सर्वे के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिलवाया जाए। उन्होंने आपदा प्रबंधन के माध्यम से भी किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी, संबंधित लेखपाल व ग्राम सचिव सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# हथिवडताल को मिला नया पंचायत भवन



**वेलकम इंडिया**

**उसका/सिद्धार्थनगर ।** विधान सभा कपिलवस्तु क्षेत्र के विकास खण्ड उसका के हथिवडताल ग्राम पंचायत को नए पंचायत भवन की सौगात मिली है। शुक्रवार को सदर विधायक श्याम धनी राही ने पंचायत क्षेत्र का दौरा किया। विधायक ने रिबन काटकर राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना द्वारा नवनिर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन का उद्घाटन किया और जनता को समर्पित किया। अब ग्रामीणों को पंचायत भवन में पहले से बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। इसके अलावा विधायक ने दौरे के दौरान विकास कार्यों का जायजा लिया और जन समस्याएं भी सुनीं। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, ग्राम प्रधान मनोज साहनी, ग्राम प्रधान करमा लवकुश राजभर, ग्राम प्रधान लक्षणपुर उमेश पाण्डेय, ग्राम प्रधान अजगरा राम केवल, ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार , सहायक विकास अधिकारी अवधेश चौधरी, सचिव विनोद चौधरी उपस्थित रहे।

# कल्याणी लोक सेवा समिति ने डॉ. पी.के. श्रीवास्तव को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं एवं बधाईयां



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज, सिविल लाइंस।** संगम नगरी प्रयागराज में स्थित एक रेस्टोरेंट में आज का दिन समाजसेवा को समर्पित भावनाओं से भरा रहा। कल्याणी लोक सेवा समिति की संस्थापिका रूपाली अवस्थी जी एवं कोषाध्यक्ष श्री सचिन निषाद ने प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पी.के. श्रीवास्तव को उनके जन्मदिवस पर पुष्पगुच्छ व सीनरी भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रूपाली अवस्थी जी ने कहा कि – डॉ. श्रीवास्तव जैसे व्यक्तित्व समाज के लिए एक प्रकाशस्तंभ हैं। उनका सादा जीवन, उच्च विचार और जनकल्याण के लिए समर्पण प्रेरणादायक है। हम ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना करते हैं। कोषाध्यक्ष श्री सचिन निषाद ने कहा कि – डॉ. पी.के. श्रीवास्तव का योगदान समाज में एक अमिट छाप छोड़ता है। उनके मार्गदर्शन में युवाओं को सदैव प्रेरणा मिलती रहे, यही कामना है। समारोह में आत्मीयता और गरिमा का माहौल बना रहा, और उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. श्रीवास्तव के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# केबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा किया गया 6 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** कृष्ण नगरी मथुरा के जयसिंहपुरा बस स्टेशन से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की 6 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी , माननीय महापौर श्री विनोद अग्रवाल , माननीय विधायक गोवर्धन श्री मेघश्याम सिंह एवं माननीय एमएलसी श्री योगेश नौहवार द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय परिवहन मंत्री द्वारा परिवहन निगम को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेश की जनता को सुगम यात्रा का लाभ मिल रहा है। ये इलेक्ट्रिक बसें बहुत ही आरामदायक है तथा वातानुकूलित है। उक्त बसे लो फ्लोर है। इन बसों का संचालन मथुरा -बरसाना आगरा, मथुरा आगरा फिरोजाबाद एवं मथुरा नोएडा मार्ग पर अभी किया जा रहा है। परिवहन निगम प्रदेश की जनता को सुदृढ़ सेवाएं तथा सुगम यात्रा कराने हेतु कटिबद्ध है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा अपने संबोधन में परिवहन निगम द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई और आशीर्वाद देकर मथुरा की जनता को इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ कर तोहफा दिया गया। इस अवसर पर मुख्यालय लखनऊ से आए प्रधान प्रबंधक संचालन श्री अनिल कुमार एवं प्रधान प्रबंधक एमआईएस अमरनाथ सहाय, क्षेत्रीय प्रबंधक आगरा ब्रह्म प्रकाश अग्रवाल, सेवा प्रबंधक आगरा तुलाराम वर्मा, सक्षेप्र मथुरा मदन मोहन शर्मा, सक्षेप्र ताज, राजेश यादव, सक्षेप्र फोर्ट श्रीमती शशि रानी, सक्षेप्र फाउंड्री नगर दिनेश यादव, सक्षेप्र बाह सहेनदर सिंह, सक्षेप्र वित्त रविकांत मल्ल, सहायक अभियंता नवनीत गोयल, वरिष्ठ लेखाकार संतोष अग्रवाल और क्षेत्र के अन्य उपाधि कारी एवं कर्मचारी तथा इलैक्ट्रिक बस निमार्ता कंपनी स्विच मोबिलिटी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री कल्लोल बोस एवं कंपनी के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इन इलैक्ट्रिक बसों का किराया मथुरा से आगरा 100/रु, मथुरा से बरसाना 92/रु, मथुरा से फिरोजाबाद 198/रु, मथुरा से नौएडा 321/ रु रखा गया है।

# विधायक ने नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का किया शुभारंभ



**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद :** रोहनिया विधायक डा.सुनील पटेल ने शुक्रवार की देर शाम डंगहरिया गांव में स्थित राजातालाब तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री नंदकिशोर सिंह पटेल के नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया।इसके बाद अधिवक्ताओ एवं पुराने सहपाठियों द्वारा केक काटकर पूर्व महामंत्री का जन्मदिवस भी मनाया गया।इस अवसर पर आराजीलाइन के ब्लाकप्रमुख प्रतिनिधि डा.महेंद्र सिंह पटेल, लालधर पटेल (मास्टर), राजातालाब तहसील बार एसो.के पूर्व अध्यक्ष सुनील सिंह, आशीष सिंह (एड), रितेश सिंह, राजीव गौतम, डा.शैलेन्द्र चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह, डा.चंद्रशेखर मौर्या, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' (पत्रकार), डा.एम.मुस्तफा, दिनेश सिंह (बल्ली), सभाजीत यादव, संजय मौर्या, लालप्रताप उर्फ बबलू सिंह, दीनदयाल विश्वकर्मा, डा.आशुतोष उपाध्याय, बालता प्रसाद समेत अन्य उपस्थित रहे।

# जिपं अध्यक्ष सीट अनुसूचित जाति महिला हुई आरक्षित

- भाजपा से हेमलता, शोभा देवी, तो कांग्रेस से सरोज आर्या होगी उम्मीदवार
- सीट आरक्षित होते ही प्रमुख नेताओं के अरमान पड़े फीखे
- हेमलता मानी जा रही प्रबल दावेदार

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता, जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति की महिला के लिए आरक्षित हो गया है।चुनाव जीतने के बाद कई भाजपा नेता सामान्य सीट होने पर अध्यक्ष पद के दावेदार थे, वही निवर्तमान जिपं अध्यक्षबसंती देव भी प्रमुख दावेदार थी,पर देर शाम चुनाव आयोग द्वारा सभी जिलों में अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की घोषणा कर दी गई।जिसके बाद बागेश्वर जिले में भी हलचल तेज हो गई।ऐसे में अब चुनाव में कड़ी टक्कर होने की उम्मीद कम है क्योंकि भाजपा दो तिहाई बहुमत के करीब है जबकि कुछ अन्य निर्दलीय जिपं सदस्य भी भाजपा समर्थित माने जा रहे हैं।ऐसे में भाजपा जिपं अध्यक्ष का पद अपने पाले में करने में सफल हो सकती है।पर भाजपा की ओर से शोभा देवी, हेमलता प्रमुख दावेदार हो सकती है तो और कांग्रेस से सरोज आर्या अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। पर चुनावी गणित में भाजपा के भैरूचौपट्टा सीट से चुनाव जीतकर आई महिला हेमलता राजनीति के क्षेत्र में छात्र राजनीति से ही एक्टिव रही है, चुनावी अनुभव लोगों में व्यवहार कुशल, शिक्षित और तेजतर्रार युवा नेत्री होने के चलते भाजपा हेमलता को अपना उम्मीदवार बना सकती है, हालांकि यह केवल कयास है इसको लेकर भाजपा संगठन को अपना अंतिम निर्णय लेना है, पर राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हेमलता की राजनीति में अच्छी समझ और विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष करने की पहचान और शिक्षित और राजनितिक पहलुओं की अच्छी पहचान के चलते उन्हें जिपं अध्यक्ष पद पर भाजपा अपना चेहरा बना सकती है।मालूम हो कि जिपं सीटों के लिए हुए चुनाव में वर्तमान में भाजपा के नौ जिपं सदस्य जीतकर आए हैं, ऐसे में उनका अध्यक्ष बनने की प्रबल संभावनाएं हैं। वही शोभा आर्या भी मजबूत चेहरा है।अब शोभा आर्या और हेमलता में भाजपा किसे अपना उम्मीदवार घोषित करती है ये आधिकारिक तौर पर घोषणा के बाद ही पता चल पाएगा। कांग्रेस भी अब निर्दलीय सदस्यों को अपने खेमे में करने की कोशिश में है।वही कांग्रेस से सरोज ही एकमात्र उम्मीदवार होंगी। अब देखने वाली बात होगी कि भाजपा किस महिला को अपना दावेदार बनाएगी, वही चुनाव में निर्दलीय सदस्यों को अपने पक्ष में करने के लिए दोनों दल कोशिश करने लगे हैं।माना जा रहा है कि कुछ निर्दलीय जिपंसदस्य भाजपा खेमे से अपना अधिक रुझान रखते हैं।पर निर्दलीय किस को अपना समर्थन देते हैं यह परिणाम आने के बाद ही पता चल पाएगा।

# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय जागरूकता हेतु मेगा कैंप का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**झांसी ।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा वित्तीय जागरूकता हेतु मंडी परिसर मे मेगा कैंप का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि डेप्युटी जनरल मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक सुबोध कुमार गोपे रहें एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य प्रबन्धक चिरगांव शाखा शंकुल सराफ ने की कैंप के माध्यम से सुबोध कुमार गोपे ने शाखा एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों के माध्यम से खोले गए खातों के संचालन को बढ़ावा देना निष्क्रिए खातो का पुन्हा संचालन करना , प्रधानमंत्री जनधन योजना , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना ,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबन्धित विशेष जानकारी प्रदान की कार्यक्रम मे बिभिन ग्राम पंचायतों चिरगाओं, बिठरी, मुड़ई ,सिमथरी आदि ग्राम वासियों ने भाग लिया एवं अपने बिभिन प्रश्नो के माध्यम से जानकारी प्राप्त की एवं अपनी समस्या का समाधान भी प्राप्त किया कार्यक्रम मे शाखा से संबन्धित ग्राहक सेवा केन्द्रों के संचालक रवि शर्मा सिमथरी, राकेश तिवारी निवी, विवेक गौर कुमहरिया, दीपक कुशवाहा अतबई ने बैंक काउंटरो के माध्यम से बिभिन्न ट्रैंजैक्शन किए एवं योजनाओ के आवेदन पर किसानो को लाभान्वित किया। कार्यक्रम मे विशेष भूमिका गिरराज सिंह राजपूत बिठरी ,आशीष प्रधान मुडेई , शैलेंद्र शर्मा सिमथरी सहित आदि उपस्थित रहें।

# चोरों ने मचाया तांडव: डाक्टर के बंद मकान से 30 लाख के जेवर और नकदी चोरी

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** डॉक्टर दंपती के घर को चोरों ने निशाना बनाया। घर का ताला काटकर लाखों के जेवरात व नगदी पर हाथ साफ किया। वारदात के समय घर में कोई नहीं था। डाक्टर अपनी पत्नी को लेकर अपने ससुराल गये हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, इटवा कस्बे के डुमरियागंज मार्ग पर अकलीमा अस्पताल है। भूतल पर डॉ. अकलीमा खातून अपना क्लीनिक चलाती हैं और ऊपरी तल पर परिवार सहित रहती हैं। बृहस्पतिवार रात लगभग आठ बजे डॉ. ओसामा रब्बानी अपनी पत्नी डॉ. अकलीमा के साथ अपने ससुराल हिगुवा गए थे। इटवा कस्बा निवासी एक डॉक्टर दंपती का घर बृहस्पतिवार की रात चोरों ने खंगाल डाला। घर में घुसे चोरों ने नकदी और जेवरात समेत लाखों के माल पर हाथ साफ किया। पीड़ितों का आरोप है कि चोरों ने उनके 10 लाख रुपये नकद और 30 लाख रुपये के जेवरात चुरा लिए। इस बात की सूचना पर स्थानीय पुलिस, फॉरेंसिक टीम और एएसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और एसओ इटवा को शीघ्र चोरों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड से सम्मानित हुए डॉ० संदीप, वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कमीशन के नेशनल वॉइस प्रेसिडेंट हुए नियुक्त

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली।** संघर्ष सेवा समिति जिसके संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी ने असहाय वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की विचारधारा के साथ यह समाजसेवी संगठन शुरू किया था। समय के साथ-साथ सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई, समाजसेवा का कार्यक्षेत्र भी व्यापक होता गया।

लोगों को सहायता मिली तो प्रसिद्धी भी तीव्र गति से मिलती गई। झाँसी जनपद और आसपास के क्षेत्र में डॉक्टर संदीप के समाजसेवी कार्यों को देखते हुए अब तक राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, राज्य और क्षेत्रीय स्तर के सैकड़ों अवॉर्डों से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ० संदीप के कार्यों को देखते हुए देश की राजधानी दिल्ली चाणक्यपुरी स्थित दा अशोक होटल में डॉ० संदीप को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान अवार्ड से विभूषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में असम, नागालैंड और मिजोरम के पूर्व गवर्नर जदीश मुखी, दिल्ली विधानसभा सदस्य चंदन कुमार चौधरी, बॉलीवुड अभिनेत्री नुशरत भरूचा, निजाम फैमिली वीफेयर संगठन के अध्यक्ष नजफ अली खान, द रिपब्लिक ऑफ पलाऊ टू इंडिया के पदाधिकारी नीरज शर्मा, वेनेजुएला के बोलीवेरियन गणराज्य की राजदूत कैपया रोड्रिगेज गोंजालेज, मालदीव गणराज्य की उच्चायुक्त ऐशथ अजीमा, इराक गणराज्य से नजर मिरजन अल असदी, रवांडा गणराज्य के उच्चायुक्त मुंकागिरा जैकलीन, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ तिमोर-लेस्टे के राजदूत कार्लिटो नन्स, बोस्निया और हजेगोविना के सचिव आर्मिन मेसिनोविक उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित प्रभावशाली व्यक्तित्वों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रशस्ति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के तहत भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अवार्ड है। विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रभावशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित करने हेतु प्रतिवर्ष यह सम्मान समारोह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष देश भर के कुल 40 लोगों को इस सम्मान से विभूषित किया गया। इसके साथ ही डॉक्टर संदीप को वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कमीशन के नेशनल वॉइस प्रेसिडेंट के पद पर भी नियुक्त किया गया।

# समितियों पर खाद की किल्लत जरवल के किसानों ने हाथ उठाकर जताया विरोध



**वेलकम इंडिया**

**बहराइच।** जिले के अधिकांश संघनन सरकारी समितियों पर खाद ना होने से किसानों को खाद की किल्लत झेलनी पड़ रही है उपरोक्त का शिकार वर्तमान समय में करीम बेहड़, जरवल कस्बा, डिहवाशेर बहादुर सिंह, मदरहा, भखरौली मुगेशपुर, कुण्डासर सहित आदि स्थानों के किसानों को भारी समस्याओं से जुझना पड़ता है जानकारी के मुताबिक जैसे ही किसान को बारिश ने राहत बख्शी कि दूसरी मुसीबत खाद की समस्या लेकर खड़ी हो गई। हमारे ही जनपद में ही नहीं पूरे प्रदेश के किसानों को खाद की किल्लत का सामना करना पड़ता है। सरकार समितियों को उचित मात्रा के हिसाब से डाई यूरिया नहीं दे पा रही है, जिससे समितियों के कर्मचारी इस समस्या से हलकान हैं, उन पर किसानों का रोष बढ़ता जा रहा है। समिति के सचिवों की मानें तो उन्हें 400 बोरी बांटना था मगर केवल 100 बोरी ही जरवल ब्लॉक में भेजा गया है। ऐसे में किसको दें किसको न दें।किसानों द्वारा पूछे जाने पर उन्हें कब खाद मिलेगी तो सचिव ने कहा हम किसानों की लाठी नहीं खाएंगे। इतना बोलते ही कार्यालय में ताला लगाकर भाग गए। सरकार देश के किसानो की आय दोगुना करने का वादा कर रही है, वहीं खाद की किल्लत इस प्रकार है ऐसे में सरकार का किसानों के प्रति चिंता का बिषय है।

# स्थानान्तरित डीएम मोनिका रानी को दी गई भावभीनी विदाई

वेलकम इंडिया



**बहराइच।** जिले में 02 वर्ष से अधिक अवधि तक सफल कार्यकाल के उपरान्त विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा के पद पर स्थानान्तरित होने पर निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी व अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर तहसील नानपारा में उपजिलाधिकारी न्यायिक के पद पर तैनात संजय कुमार के सेवा निवृत्त होने पर बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की गरिमामययी उपस्थिति में निवर्तमान जिलाधिकारी को जिले के अधिकारियों कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, संभ्रान्त व गणमान्यजनों, बुद्धजीवियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरूओं, उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। उल्लेखनीय है कि 20 मई 2023 को जिले का कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त अपनी कार्यशैली से निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी लोगों के बीच लोकप्रिय रही। कार्यकाल के दौरान ह्यसेवा से संतृप्तिकरणह्ल अभियान के सफल आयोजन के लिए पीएम एवार्ड से भी सम्मानित की गयी। निवर्तमान जिलाधिकारी के कार्यकाल में जनपद में कई उल्लेखनीय कार्यो का गौरव प्राप्त हुआ है। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए निवर्तमान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि जनपद बहराइच की यादें उनके साथ सदा रहेंगी। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले जिले में कार्य करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मोनिका रानी ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि जनपद बहराइच शीघ्र ही आकांक्षात्मक जनपद की श्रेणी से बाहर आकर प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपना नाम स्थापित करेगा। उन्होनें कहा कि सभी के सहयोग से जनपद को इस अवधि में कई उपलब्धियां प्राप्त हुई है। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए नवांगतुक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निवर्तमान जिलाधिकारी की कार्यशैली के कारण जिले के विकास को उचाई पर ले जाने की सराहना करते हुए कहा कि निवर्तमान जिलाधिकारी के जनपद विकास के विजन को आगे बढ़ाया जायेगा।

विदाई समारोह को मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम महसी अलोक कुमार, कैसरगंज अखिलेश सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अमिता, डीडीओ राज कुमार, अधिशाषी अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, एआईजी स्टाम्प शीलभद्र चन्द्र, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ पीयूष नायक, डीएचईआईओ बृजेश सिंह, डीडीसी राजस्व अजय शर्मा, बीडीओ अजय प्रताप सिंह, ईओ बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने निवर्तमान जिलाधिकारी व सेवानिवृत्त एसडीएम के व्यक्तित्व एवं कृतत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पति सहित तीन के विरुद्ध अभियोग दर्ज विवाहिता की मौत

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पर मृतक विवाहिता के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पति सहित तीन के विरुद्ध हत्या का अभियोग दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव गढी रामकौर निवासी कृष्ण के पुत्र रामसूमन्तर की शादी जनपद सहारनपुर के मोहल्ला पंत नगर निवासी अनिका के साथ जनवरी 2020 में हुई थी। विगत गुरुवार की सुबह को अनिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोगों ने मामले की सूचना मृतक महिला के परिजनों को दी। सूचना पर मृतक महिला के परिजन भी मौके पर आ गए। मृतक विवाहिता के परिजनों ने हंगामा करते हुए मृतक विवाहिता के ससुरालियों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। सूचना पर पुलिस भी गांव में पहुंच गई और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था।

# समाज सेवी एवं सेवानिवृत्त शिक्षक भीम शंकर शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था शब्दांगन के बैनर तले सेवानिवृत्ति शिक्षक एवं समाजसेवी भीम शंकर शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री इंद्रदेव त्रिवेदी ने कहा कि भीम शंकर शर्मा के निधन पर हम सब लोगों को उनकी कमी महसूस होगी, वह हमेशा उम्र भर जरूरतमंदों की सहायता करने में आगे रहे। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि शर्मा जी का व्यवहार कभी भुलाया नहीं जा सकता, उन्होंने सदैव भले मनुष्य के रूप में क्षेत्र में ख्याति अर्जित की, जिसकी वजह से शिक्षा विभाग के कर्मचारी व शिक्षक उन्हे हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर बामसेफ के पूर्व अध्यक्ष रमेश सागर, ब्राह्मण महासभा के महामंत्री नितिन कुमार, भारत सेवक समाज के जिला अध्यक्ष किशन स्वरूप सक्सेना, उपाध्यक्ष अनुज सक्सेना, पूर्व प्रधानाध्यापक लेखराज शर्मा, दीपा गुप्ता, सुधांशु कुमार, गौरव गंगवार, अनिल कुमार शर्मा सहित दर्जनों अध्यापक मौजूद रहे।

# हाई वोल्टेज आने से फूंके घरों के उपकरण, प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला सरावयज्ञान निवासी एक महिला ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों सहित ऊर्जा मंत्री को शिकायती पत्र भेज कर बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही से हाई वोल्टेज आने के कारण पीड़िता के घर में कई उपकरण फूंक गए और ब्लास्ट हो गया महिला सहित कई लोगों ने प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला सरावयज्ञान निवासी महिला संतोष कुमारी जैन पत्नी सलेकचंद जैन ने बताया कि उनके मोहल्ले के निकट पावर सप्लाई के लिए नगर के छोटे बिजली घर पर ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। विगत 28 जुलाई की देर शाम विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने ट्रांसफार्मर बदल दिया, आरोप है की विद्युत विभाग ने बिना टेस्टिंग किए ही सप्लाई चालू कर दी। अचानक से विद्युत सप्लाई हाई वोल्टेज हो गई जिस कारण पीड़िता के घर में एयर कंडीशन, रेफ्रिजरेटर में जोर से ब्लास्ट हुआ। ब्लास्ट होने से मोहल्ले में अफरातफरी का माहौल बन गया। पीड़िता सहित अन्य कई लोगों के घरों के उपकरण फूंक गए। घरों के उपकरण फूंक जाने के कारण पीड़िता सहित मोहल्ले के लोगों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। पीड़ित महिला का आरोप है कि पूर्व में भी कई बार हाई वोल्टेज आने के कारण घटना घटित हो चुकी है। पीड़िता सहित मोहल्ले के मनोज जैन, अरविंद सैनी, मनी जैन, दीपक शर्मा, आमिर राणा ने प्रदर्शन कर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ, ऊर्जा मंत्री ऐके शर्मा एवं जनपद के उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग की है।

# बस्ती डीआईओएस ने भेजा जीपीएफ भुगतान का 3 करोड़

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के लम्बे संघर्षो के जीपीएफ भुगतान को लेकर माध्यमिक शिक्षकों को राहत मिली। संगठन के प्रयास से जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती ने संत कबीर नगर जीपीएफ खाते में ?3 करोड रुपए की धनराशि अंतरित की है। इस धनराशि से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के जीपीएफ का भुगतान हो सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक संत कबीर नगर ने अंतरिम व्यवस्था बनाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती से अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के लिए ?2 करोड़, संस्कृत माध्यमिक विद्यालय के लिए ?50 लाख एवं संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए ?50 लाख रुपये (कुल तीन करोड मात्र) की माँग की गयी थी, जिसे कोषागार में भेज दिया गया है। जनपद विभाजन से पहले संत कबीर नगर जनपद के जीपीएफ ब्याज का ?68 करोड़ 96 लाख 62 हजार रुपए बस्ती कोषागार में फंसा पड़ा है। प्रकरण को लेकर विधान सभा से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय तक घमासान मचा हुआ है। मामले में शासन ने भी जवाब दे ही तय करने के लिए विभाग को पत्र लिखा है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि प्रकरण को लेकर 2016 से संघर्ष कर रहा हूं। संघर्षों के दम पर 2020 में 5 करोड़ रूपया बस्ती कोषागार से लेकर आया था, जिससे अब तक भुगतान हो रहा था। अब वह धनराशि भी खत्म हो गई है। जिससे सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों, स्थाई व अस्थाई जीपीएफ लोन लेने वाले शिक्षकों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उनके रुपए का भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने कहा कि अंतरिम व्यवस्था बनाने के लिए बस्ती से तीन करोड़ रूपया मंगाया गया है। इससे तत्कालीन समस्या का समाधान हो जाएगा लेकिन अभी हमें 68 करोड़ 96 लाख 62 हजार की दरकार है. शासन से लेकर वित्त नियंत्रक तक से पत्र व्यवहार किया जा रहा है। जल्दी समस्या का समाधान हो जाएगा।

# ग्रामीण रातों को जागकर दे रहे पेहरा



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र में चोरों का शोर मचा हुआ है नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग रातों को चोरों के डर से पहरा दे रहे हैं। पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं किसी भी तरह की घटना होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील की है। विगत कई दिनों से लगातार ड्रोन की अफवाह एवं क्षेत्र में चोरों की गैंग होने की अफवाहों से दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग चोरों के डर से लाठी डंडे लेकर सड़कों पर चारपाई डालकर पहरा दे रहे। हालांकि थाना क्षेत्र में अभी तक कहीं भी चोरों के होने की पुष्टि नहीं हुई है। और नहीं अभी तक कोई घटना नहीं हुई है। पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्त कर लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने एवं कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील कर रही है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग दावा कर रहे हैं कि क्षेत्र में चोरों की गैंग सक्रिय है लगातार रात भर कहीं ना कहीं चोर होने का शोर मचा दिया जाता है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने नगर एवं क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे। कानून अपने हाथ में ना ले कई बार भीड़ चोरी के शक में पकड़कर किसी भी निर्दोष के साथ मारपीट कर देती है जिससे मोबलीचिंग जैसी घटना हो जाती है। कानून हाथ में लेने पर कार्रवाई की जाएगी पुलिस लगातार क्षेत्र में गस्त कर रही है।

## कब्रिस्तान में घुसे बेसहारा गोवंश, वीडियो सोशल मीडिया पर की प्रसारित



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के बाईपास मार्ग पर स्थित कब्रिस्तान में बेसहारा गौवंश घुसने को लेकर कई लोगों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए आवारा गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजने की मांग की है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजने के निर्देश देते हुए करोड़ों रुपए खर्च कर गौशाला का निर्माण कराया था। करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी सड़कों पर बेसहारा गोवंश घूम रहे हैं जो लोगों की जान के दुश्मन बने हुए हैं कई बार बेसहारा गोवंश से टकराकर लोग चोटिल हो जाते है और कई बार अपनी जान भी गवा बैठते हैं। संबंधित विभाग की लापरवाही से सड़कों पर बेसहारा गौवंश दिखाई देते हैं। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला गुजरान के कई लोगों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करते हुए बताया कि उनके कब्रिस्तान में दर्जनों की संख्या में बेसहारा गोवंश घुस जाते हैं जो कब्रो को क्षतिग्रस्त कर देते हैं।

# करह आश्रम में धूमधाम से सम्पन्न हुआ गोस्वामी तुलसी जयंती और श्रीकरह बिहारी सरकार संत रामदास महाराज का जन्मोत्सव

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** दावानल कुंड क्षेत्र स्थित करह आश्रम में गोस्वामी तुलसी जयंती, श्रीकरह बिहारी सरकार संत रामदास महाराज का जन्मोत्सव एवं झूलन महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।महोत्सव का शुभारंभ संत गोस्वामी तुलसीदास महाराज व करह बिहारी सरकार रामदास महाराज की प्रतिमाओं का संतों व विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पूजन-अर्चन एवं माल्यार्पण करके किया।

इस अवसर पर आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए महंत जगन्नाथ दास शास्त्री एवं महंत प्रीतम दास महाराज ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त थे।उन्होंने अपना जन्म होते ही सर्वप्रथम भगवान श्रीराम का नाम उच्चारण किया था।इसीलिए उनका प्रारम्भिक नाम ःरामबोलाः था। संत रामकृपालु दास चित्रकूटी एवं महंत राम कल्याण दास भक्तमाली ने कहा कि प्रख्यात संत रामदास महाराज करह बिहारी सरकार प्राचीन संत परम्परा के संवाहक संत थे।उन जैसी पुण्यात्माओं का अब युग ही समाप्त हो गया है। प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी एवं महंत आचार्य रामदेव चतुर्वेदी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज कलयुग पावनावतार थे।उन्हें महर्षि वाल्मीकि का अवतार माना गया है।ऐसा माना जाता है,कि उन्हें भगवान श्रीराम व भगवान शिव के साक्षात दर्शन हुए थे। करह आश्रम के प्रबंधक बड़े भगतजी एवं आचार्य राम अवतार भगतजी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महाराज द्वारा रचित ग्रंथ श्रीराम चरित मानस एक ऐसा ग्रंथ है,जिसकी समूचे विश्व में अत्यधिक मांग है।क्योंकि इसमें लोक कल्याण के विभिन्न पहलू समाहित हैं। इसीलिए इसके अनुवाद विभिन्न भाषाओं में हुए हैं। महोत्सव में महंत दीनदास महाराज, राम कुमार त्रिपाठी, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, प्राचार्य अनिल शास्त्री, भागवताचार्य विवेक शास्त्री आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन संत सेवानंद ब्रह्मचारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन बड़े भगतजी ने किया।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

## युवती का अश्लील फोटो व्हाट्सएप स्टेटस पर वायरल, युवती ने सहकर्मी लगाया पर आरोप

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने सहकर्मी पर उसकी फोटो से छेड़छाड़ कर उसे व्हाट्सएप स्टेटस पर डालने का आरोप लगाया है। महिला ने इस मामले में थाना सीबीगंज में तहरीर दी है और आरोपी युवक व उसकी महिला सहकर्मी पर मानहानि और चरित्र हनन का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीगंज थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह महिंद्रा महालक्ष्मी मोटर्स शोरूम महेशपुर, रामपुर रोड, सीबीगंज में काम करती है। वहीं पर कार्यरत आकाश पाल नामक युवक ने उसकी एक साधारण फोटो को किसी अश्लील तस्वीर के साथ जोड़कर व्हाट्सएप स्टेटस पर लगाया और उस पर आपत्तिजनक बातें भी लिखीं। जब पीड़िता को इसकी जानकारी मिली, तो वह शोरूम पहुंची और स्टाफ से पूछताछ की। स्टाफ ने बताया कि आकाश का वेब लॉगिन शोरूम में ही है। पूछने पर आकाश ने बताया कि उसका मोबाइल फोन सिमरन नाम की एक अन्य महिला कर्मचारी के पास था, जिसका मोबाइल खराब हो चुका है। हालांकि, पीड़िता ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि उसकी किसी से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन जानबूझकर उसकी छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। पीड़िता ने दोनों कर्मचारियों पर साजिश रचने और उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोक्ष प्राप्ति का सबसे सुगम मार्ग है श्रीमद्भागवत महापुराण : पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री

(डॉ. गोपाल चतुवेर्दी)



**वृन्दावन।** गांधी मार्ग स्थित श्रीनाथ धाम में सप्त दिवसीय 29वां अष्टोत्तरशत श्रीमद्भागवत सप्ताह पारायण एवं कथा महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है।महोत्सव का शुभारभ प्रख्यात सन्त आनंदम धाम पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने ठाकुरजी के चित्रपट के समक्ष वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य दीप प्रज्ज्वलित करके किया।तत्पश्चात व्यासपीठ पर आसीन मानस राजहंस, पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने विश्वभर से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य की कथा का रसास्वादन कराया। पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परब्रह्म परमेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का शब्द स्वरूप ग्रंथ श्रीमद्भागवत महापुराण साक्षात कल्पवृक्ष के समान है।इसका आश्रय लेने वाले व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।साथ ही उनके सभी पापों का क्षय हो जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में समस्त धर्म ग्रंथों का समावेश है।क्योंकि महर्षि वेदव्यासजी महाराज ने सभी ग्रंथों की रचना करने के बाद श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना की थी।इसीलिए इसे पंचम वेद माना गया है।वस्तुतः मनुष्य की मोक्ष प्राप्ति का यदि कोई सबसे सुगम मार्ग है, तो वो श्रीमद्भागवत महापुराण ही है। महोत्सव में पधारे आनंदम धाम पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर महाराज ने कहा कि पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने श्रीमद्भागवत, श्रीराम कथा एवं अन्य धर्म ग्रंथों के माध्यम से समूचे विश्व में धर्म व अध्यात्म का प्रचार-प्रसार करके असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया है और कर रहे हैं।साथ ही उन्हें श्रीकृष्ण भक्ति की ओर अग्रसर किया है। जो कि अति प्रशंसनीय है। इस अवसर पर श्रीनाभापीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी सुतीक्ष्णदास देवाचार्य महाराज, श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, वैष्णवाचार्य धीरज बावरा, श्रीमती मीरा शर्मा, श्रीमती सुदेवी शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एनयूजे प्रयागराज ने हाई कोर्ट बार एशोसिएशन के नव निर्वाचित महामंत्री को दी बधाई

वेलकम इंडिया



नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव अखिलेश शर्मा का एक रेस्तरां में बुके भेंटकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज के जिलाध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव, प्रवक्ता मनीष द्विवेदी और संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने महासचिव को बुके भेंटकर स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित महासचिव को बधाई देते हुए पत्रकारों और बार एसोसिएशन के मध्य बेहतर संबंध स्थापित करने का भरोसा दिलाया। स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित महासचिव अखिलेश शर्मा ने चैंबर आवंटन को लेकर कहा कि जूनियर और सीनियर सभी अधिवक्ताओं को न्यू चैंबर आवंटित किया जाएगा। उन्होंने अधिवक्ताओं को विश्वास दिलाया कि चैंबर आवंटन पूरी पारदर्शिता के साथ होगा। कहा कि शुल्क के आभाव में किसी अधिवक्ता को चेम्बर्स न मिलें ऐसे में उनकी कार्यकारिणी विशेष ध्यान देगी। कहा कि बार और बेंच के बीच सामंजस्य स्थापित करने का भी प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तरह उच्च न्यायालय इलाहाबाद में भी लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था लागू कराने का प्रयास उनकी कार्यकारिणी में किया जाएगा। मुकदमों के सूचीबद्धता में जो भी समस्याएं आ रही हैं, कार्यकारिणी शपथ लेने के बाद सबसे पहले मुख्य न्यायाधीश से मिलकर इसका निराकरण कराने का भी प्रयास करेगी।

# महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री ने भोजपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** उत्तर प्रदेश शासन के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने ह्यसम्भव अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को भोजपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। मंत्री ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी मोदीनगर (गाजियाबाद) पहुंची व दीप प्रज्वलित करते हुए ₹सम्भव अभियान₹ कार्यक्रम शुभारम्भ किया। तत्पश्चात सामुदायिक गतिविधियों के अंतर्गत 05 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा 05 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया तथा पोषण पोटली प्रदान की गयी। पिछले वर्ष संभव अभियान के माध्यम से कुपोषित श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों, अभिभावकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं को सराहना की गयी। महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत केक काट कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। माननीय मंत्री द्वारा सभा को सभा को संबोधित करते हुए संभव अभियान की जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि प्रत्येक गर्भवती महिलाओं को अपने खाने का ध्यान रखना आवश्यक है उनको अपने खाने में पोषक तत्वों को लिया जाना आवश्यक हैं। जिससे की स्वस्थ बालक या बालिका का जन्म हो। उन्होने कहा कि 01 अगस्त से 07 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह के रूप मे मनाया जा रहा हैं। मंत्री द्वारा संभव अभियान की रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोदीनगर डॉक्टर मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह, चैनपाल सिंह जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता स्वदेश जैन भाजपा के साथ जनपद के प्रतिनिधि तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शशि वार्ष्णेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी पुष्कर, बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती स्वाति केसरवानी एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या गणमान्य व बच्चे उपस्थित रहे।

# मोदी कॉलेज में सीनियर डिवीजन एन सी सी भर्ती प्रक्रिया संपन्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में एन सी सी कैडेट्स की भर्ती की गई। लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड के अनुसार वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पीयूष कुमार सिंह के निर्देशन में चली भर्ती प्रक्रिया में कक्षा 11 के 318 छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 80 कैडेट्स का चयन किया जाएगा जो 2 वर्षीय प्रशिक्षण के उपरांत एन सी सी का प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि वाहिनी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी दहिया के नेतृत्व में आयी भर्ती ऑफि सर्स की टीम ने छात्रों की शारीरिक माप तौल, दौड, सिट-अप, पुस-अप आदि शारीरिक दक्षता की जाँच करने के उपरांत मेडिकल चेकअप एवं लिखित परीक्षा के आधार पर कैडिटस का चयन किया जाएगा।कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने कैडेट्स को उनकी ज़िम्मेदारी से अवगत कराते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण करने, पौधारोपण करने एवं अच्छे नागरिक बन सामाजिक बुराईयों को दूर करने में मदद करने के लिए प्रेरित किया। विदित हो कि दिवर्षीय प्रशिक्षण के दौरान एन सी सी कैडेट्स एन सी सी के मोटो एकता और अनुशासन का पालन करते हुए एन सी सी के उद्देश्यों को प्राप्त कर राष्ट्र के विकास में योगदान करने का काम करते हैं।इस मौके पर वाहिनी से सूबेदार अफ्तार हुसैन, हवलदार संजीत, हवलदार पवन, हवलदार संतोष, प्रवीण जैनर, लेफि्टनेंट राजीव जांगिड, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह, गौरव त्यागी एवं एन सी सी कैडेट पुष्कर, श्याम, समीर अनमोल, देवांश, प्रियांशु, आयुष, शिवांशु यादव आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दौलतपुर कलां में पानी की पाइप लाइन डालकर रास्ते की मरम्मत को भूले जिम्मेदार



वेलकम इंडिया

**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र गांव दौलतपुर कला के मुख्य क्षतिग्रस्त रास्ते से राहगीर परेशान हैं। क्षतिग्रस्त रास्ते के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और आए दिन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व यहां पर जलदाय विभाग की ओर से पेयजल लाइन डाली गई थी। पाइप लाइन डालने के दौरान खोदे गए रास्ते की अब तक मरम्मत नहीं होने के कारण रास्ते में जगह जगह जोखिम भरे कीचड़ व गड्ढे हो गए हैं। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भरा होने के कारण क्षेत्रवासियों के साथ साथ यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों तथा आवागमन वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही क्षतिग्रस्त रास्ते की मरम्मत करवाने की मांग की है।

# बुलंदशहर में इंस्पेक्टर के 5 हत्यारों को उम्रकैदः 33 लोगों को 7-7 साल की सजा

वेलकम इंडिया



बुलंदशहर के बहुचर्चित स्याना हिंसा मामले में आज, शुक्रवार को सात साल बाद फैसला आ गया। कोर्ट ने इंस्पेक्टर सुबोध कुमार सिंह की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इनमें प्रशांत नट, डेविड, जोनी, राहुल और लोकेंद्र मामा शामिल है। अदालत ने पांचों पर 20-20 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है अदालत ने 33 दोषियों को हिंसा-आगजनी और हत्या की कोशिश के लिए 7-7 साल की सजा दी है। इन सभी पर एक से दो हजार रुपए तक जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की 80 फीसदी राशि इंस्पेक्टर की पत्नी रजनी को मिलेगी वकीलों ने क्या कहा? सरकारी वकील यशपाल राघव ने बताया- जस्टिस गोपाल-जी ने सभी दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। हत्यारों पर 20-20 हजार जुमार्ना भी लगाया है। बचाव पक्ष के वकील अशोक डागर ने बताया- हम फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। पुलिस ने जो साक्ष्य लगाए हैं, वे कमजोर हैं। हम हाईकोर्ट में अपील करेंगे दो दिन पहले यानी बुधवार को कोर्ट ने सभी 38 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा के लिए 1 अगस्त यानी आज की तारीख तय की थी। आज शाम 5:45 बजे जज ने फैसला सुनाया। सजा पाने वालों में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, बीजेपी नेता, निषाद पार्टी के नेता और आरएसएस के नगर कार्यवाह भी शामिल हैं। पुलिस ने मामले में कुल 44 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इनमें से 5 आरोपियों की मौत हो चुकी है, जबकि 1 नाबालिग का केस जुवेनाइल कोर्ट में चल रहा है 3 सीओ समेत 5 थानों का फोर्स तैनात रहा सजा के फैसले को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। बुलंदशहर कोर्ट के बाहर तैनात एएसपी ऋजुल ने बताया- स्याना हिंसा मामले में आज सजा का ऐलान हुआ है। कोर्ट के बाहर तीन उड समेत 5 थानों का फोर्स तैनात रहा। आसपास के इलाके को पुलिस ने कब्जे में ले रखा था। सजा के ऐलान के बाद पुलिस सभी दोषियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट से बाहर लाया गया। उसके बाद गणना कराते हुए वैन में बैठाया गया। इस दौरान पुलिस ने चारों तरफ से सुरक्षा घेरा बनाए रखा जानिए 3 दिसंबर 2018 को क्या हुआ था... 3 दिसंबर, 2018 को स्याना कोतवाली के गांव महाव में गोवंश के अवशेष मिले थे। इसकी सूचना पर हिंदूवादी संगठन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोकशी का विरोध किया। आरोप है कि योगेश राज ने अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों को इकट्ठा किया और उन्हें भड़काया। भीड़ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गोवंश के अवशेषों को भरकर बुलंदशहर हाईवे स्थित चिंगरावठी पुलिस चौकी पर पहुंच गई। भीड़ ने हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया। पुलिस ने लोगों रोकने का प्रयास किया तो भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस चौकी फूंक दी। हिंसा के दौरान तत्कालीन कोतवाल सुबोध कुमार भीड़ को काबू करने में शहीद हो गए थे। चिंगरावठी के रहने वाले युवक सुमित की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आनन-फानन में पुलिस ने गोकशी के 10 आरोपियों पर केस दर्ज किया था, तब जाकर मामला शांत हुआ था।

## शहीद इंस्पेक्टर का बेटा बोला- जो गलत थे, उन्हें सजा मिली

शहीद इंस्पेक्टर सुबोध के बेटे श्रेय ने फैसले को लेकर कहा– हम कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हैं। हम चौकियों में गए, थाने में गए। हमने ये साबित किया कि जो लोग गलत थे, उन्हें सजा मिली है। ये लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इसके लिए हमें किसी भी न्याय की चौखट पर जाना पड़े तो हम जाएंगे। हम अपने वकील से बातचीत करने के बाद हाईकोर्ट जाने का फैसला करेंगे।

# शिक्षक एवं कर्मचारियों को न तो एनपीएस चाहिए और न ही यूपीएस, चाहिए तो सिर्फ ओपीएस ही चाहिए



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** आल टीचर्स एंड एम्पलाइज वैलफेयर एशोसिएशन (अटेवा) के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अटेवा बरेली के बैनर तले जिले के हजारों शिक्षक और कर्मचारियों ने बरेली के जिलाधिकारी को यूपीएस के खिलाफ और पुरानी पेंशन बहाली के लिए देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। मण्डल अध्यक्ष जगदीश गंगवार ने इस अवसर पर कहा कि संगठन मे बहुत बडी ताकत होती है। संगठन के बल पर बडी बडी सफलताएं अर्जित की जा चुकी हैं। अटेवा बरेली के जिला संयोजक डॉ मुनीष कुमार गंगवार ने संबोधित करते हुए कहा कि एनपीएस/यूपीएस शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में नहीं है

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने के दिए दिशा निर्देश

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति और पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव कृष्णा रूहेला संसद भवन परिसर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के दिए दिशा निर्देश दिए। कृष्णा रुहेला ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पीडीए के महानायक अखिलेश यादव से यह मुलाकात अत्यंत प्रेरणादायक रही, जिससे न केवल एक नई ऊर्जा व उत्साह प्राप्त हुआ, बल्कि प्रदेश से संबंधित कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों पर भी गंभीर व सार्थक चर्चा हुई। बातचीत के दौरान संगठनात्मक रणनीति, सामाजिक न्याय की दिशा में उठाए गए कदम, तथा पिछड़े, वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा हेतु भविष्य की दिशा पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष जी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, युवाओं को राजनीति से जोड़ने, तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर पार्टी की विचारधारा और जन सरोकारों को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# किसानों ने विभिन्न समस्याएं डिप्टी सुमित पांडे के सामने रखीं



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** शुक्रवार को गांव खंजरपुर में गन्ना समिति के डिप्टी सुमित पांडे और शुगर मिल से बागेश मलिक व सर्वे करने वाले परमिंदर गांव में पहुंचे। किसानों का सर्वे का काम चल रहा है, जिन किसानों के बेसिक कोटे ठीक नहीं है उन किसानों ने उसमें संशोधन कराया और जिससे पर्चियां सीजन पर ठीक तरीके से आ सके। किसानों ने विभिन्न समस्याएं डिप्टी सुमित पांडे के सामने रखी। किसान नेता बिट्टू खंजरपुर ने किसानों को चल रहे सर्वे में अपना बेसिक कोटे को ठीक कराने का अनुरोध किया। इस मौके पर किसानों में मुख्य रूप से बिट्टू खंजरपुर, अजीत, डब्बू, पप्पू, परवीन चंद्र बोस व दिनेश आदि लोग मौजूद थे।

# किसानों के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: ठाकुर शैलेंद्र आर्य



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर.** स्याना भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत तहसील स्याना के प्रांगण में आहत की गई जिसकी अध्यक्षता भगवाना मुकद्दम ने की तथा संचालन दीपक शर्मा ने किया पंचायत में एक महीने में संगठन द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा स्याना मंडी में खरीफ की फसल हेतु एम एस पी कांटा लगाने की मांग की गई तथा उपजिलाअधिकारी के कोर्ट में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा किसानों के बहुत सारे मुद्दों को लेकर संगठन ने रोष व्यक्त किया तथा दर्जन भर पदाधिकारीयों से भी ज्यादा लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया इसके अलावा कई किसानों ने सदस्यता ग्रहण भी की एसडीओ बिजली स्याना तथा पूर्ति निरीक्षक स्याना को मोके पर बंधक बना लिया। पंचायत को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य ने कहा कि एसडीएम स्याना कोर्ट में खुलेआम भ्रष्टाचार फैल रहा है। जिनमें तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं एम एस पी कांटा लगवाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल थी पंचायत में शामिल कार्यकर्ता:-धर्मवीर चौधरी उर्फ गुड्डू प्रधान, यशपाल चौधरी, आलोक राठी, अंकुर त्यागी, बाबा बजरंगबली, हप्पू चौधरी, नीरज शर्मा, हीरालाल शर्मा, मुदस्सिर खान, तथीर प्रधान, चंद्रहास लोधी, गजेंद्र सिंह लोधी, के प्रसाद सैनी, फूल सिंह सैनी, आमिर खान, सावेज खान, इमरान अंसारी, शिवम चौहान, ब्रह्मसिंह चौहान, संजू राणा, लाल सिंह राणा, परमात्मा गनोरा, अमित गुर्जर, सौरव गुर्जर, आशु खान, प्रदीप गौड़, तेजपाल बरकातपुर, संजीव शास्त्री, जगबीर सिंह, आदि सैकड़ो से भी ज्यादा लोग मौजूद रहे।

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय ने सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 योग आसन प्रतियोगिता में दिखाया अपना दमखम

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 नालंदा वर्ड स्कूल सहारनपुर में योग आसन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बरेली मथुरा देहरादून उत्तराखंड रुद्रपुर हरिद्वार रामपुर गाजियाबाद मुरादाबाद उत्तराखंड के आदि स्कूलों ने प्रतिभाग किया जिसमें नॉर्थ जोन 1 के सभी स्कूलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीबीएसई नॉर्थ जोन 1 अंडर 19 बालिका वर्ग में 40 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें गाजियाबाद की तरफ से श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय टीम ने अंडर 19 गर्ल्स कैटेगरी मैं अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए सेकंड रनर अप का खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ रिदमिक अंडर 19 वर्ग में आराध्या त्यागी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सेकंड स्थान प्राप्त किया और सीबीएसई नेशनल योग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया जो सहारनपुर में 8 से 12 सितंबर आशा मॉडर्न स्कूल सहारनपुर में आयोजित की जाएगी। स्कूल प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम शर्मा जी ने टीम का भव्य स्वागत किया और बच्चोंका मनोबल बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# लाईन स्थापित करने हेतु 2 अगस्त को क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)** अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर ने बताया कि विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अधीन विद्युत उपकेन्द्र से निर्गत प्रारूप में उल्लेखित 11 के०वी० पोषकों पर आर०डी०एस०एस० योजना के अन्तर्गत 11 के०वी० लाईन स्थापित किये जाने का कार्य करने हेतु प्लॉन शट–डाऊन लिया गया जायेगा। 11 के०वी० पोषकों का विवरण निम्नवत है उपकेन्द्र का नाम 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, गोविंदपुरी, मोदीनगर, पोषक का नाम–11 के०वी० सुचेतापुरी, रोस्टिंग की अवधि प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक, पोषक का नाम–11 के0वी0 मैन मार्किट, मोदीनगर– रोस्टिंग की अवधि अपरान्ह 02:00 बजे से सांय: 06:00 बजे तक। उक्त 11 के०वी० पोषकों से पोषित सुचेतापुरी, हरमुखपुरी गेट नं0–02, वैशाली एन्कलेव, कृष्णापुरी, सुदामापुरी, निकट बाग, मैन मार्किट, एवं छोटी मार्किट तथा अन्य क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# भारत की 30 वर्षीय मोबाइल टेलीफोनी यात्रा का एएमआईआरए और सीएआईटी द्वारा आयोजित हुआ

**वेलकम इंडिया**







भारत में मोबाइल टेलीफोनी के 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा) और ऑर्गेनाइज्ड रिटेल एसोसिएशन (ओरा) ने संयुक्त रूप से नई दिल्ली में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसने देश की तकनीकी और संचार क्रांति के एक महत्वपूर्ण अध्याय को रेखांकित किया। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक अनूठी और यादगार प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें तीन दशकों के 300 से अधिक प्रतिष्ठित मोबाइल हैंडसेट प्रदर्शित किए गए—भारत के शुरूआती भारी-भरकम उपकरणों से लेकर एआई और 5जी संचालित आधुनिक स्मार्टफोन्स तक। यह प्रदर्शनी व्यक्तिगत संपर्क के विकास और इसके व्यापार, संचार और संस्कृति पर प्रभाव की एक रोचक झलक पेश करती है। यह अवसर विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि यह भारत की पहली मोबाइल कॉल की 30वीं वर्षगांठ थी, जो 31 जुलाई 1995 को की गई थी, जब पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने केंद्रीय दूरसंचार मंत्री सुख राम से बात की थी, जिससे भारत मोबाइल युग में प्रवेश कर गया था। यह ऐतिहासिक क्षण उस यात्रा की नींव बना जिसने आज एक अरब से अधिक भारतीयों को जोड़ दिया है। इस खास अवसर पर श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने कहा प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में डिजिटल क्रांति आ गई है। आज डिजिटल क्रांति के चलते वढक के जरिए 2.5 बिलियन लेन-देन प्रतिवर्ष हो रहे हैं और भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। आज हमारा वढक सिस्टम फ्रांस के एफिल टॉवर क पहुँच चुका है। हम 4जी उपकरण खुद बनाने वाले 5वें देश बने और अब 6जी में भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा। प्रधानमंत्री जी के विजन से 6.5 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए $17 बिलियन का निवेश होगा। डिजिटल हाईवे अब हमारी नसों की तरह देशभर में दौड़ रहा है। मैं आश्वस्त करता हूँ कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और बेहतर टेलीकॉम सेवाएँ मिलेंगी। आज का दिन ऐतिहासिक है और पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भारत टेलीकॉम सेक्टर में दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा। चांदनी चौक से सांसद और कैट के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को विशेष श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके नेतृत्व में दूरसंचार क्षेत्र का उदारीकरण हुआ और मोबाइल फोन आम जनता के लिए सुलभ हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की, जिनके डिजिटल इंडिया मिशन ने न केवल मोबाइल की पहुंच को गहरा किया बल्कि मोबाइल को सशक्तिकरण, सुशासन, उद्यमिता और सामाजिक न्याय का साधन बना दिया। श्री खंडेलवाल ने कहा, वॉइस से वैल्यू तक, भारत की मोबाइल यात्रा वैश्विक स्तर पर एक केस स्टडी है। जो यात्रा 1995 में एक फोन कॉल से शुरू हुई थी, वही आज ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति दे रही है। भारत में मोबाइल टेलीफोनी की यात्राः अतीत, वर्तमान और भविष्य विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय पैनल चर्चा में टेलीकॉम कंपनियों, मोबाइल निमार्ताओं, रिटेलर्स और डिजिटल नवाचार क्षेत्र की शीर्ष हस्तियों ने भाग लिया। चर्चा में प्रीपेड कनेक्शन, मोबाइल इंटरनेट, डिजिटल भुगतान और भारत-केंद्रित मोबाइल नवाचार जैसे मील के पत्थरों पर विचार किया गया। पैनल ने 6ॠ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सैटेलाइट कनेक्टिविटी और दूरसंचार क्षेत्र में मेक इन इंडिया के अवसरों पर भी भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया। कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख हितधारकों, नीति निमार्ताओं, तकनीकी नवाचारकों और युवा नेताओं ने भाग लिया और इसे मीडिया, उद्योग और अकादमिक जगत से व्यापक रुचि मिली। कार्यक्रम का समापन भारत के लिए आत्मनिर्भरता और डिजिटल समानता पर आधारित एक समावेशी, सुरक्षित और नवाचार-प्रेरित मोबाइल भविष्य के निर्माण के सामूहिक आान के साथ हुआ।

कुलवंत शर्मा
ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन
अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश



# सीडीओ अभिनव गोपाल ने कोल्ड स्टोरेज स्वामियों से किया गोआश्रय स्थलों को गोद लेने का आह्वान

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा कोल्ड स्टोरेज स्वामियों से गौ आश्रय स्थलों को गोद लेकर मॉडल गौशाला बनाने में आर्थिक सहयोग करने का आह्वान किया गया। दुर्गावती देवी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के 15 कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित 15 गोआश्रय स्थल में आर्थिक समस्या के कारण शेड की व्यवस्था एवं प्रबंधन, गोवंश उत्पाद निर्माण यथा दुग्ध, गोबर से निर्मित उत्पाद, हरा चारा उत्पादन, गोबर से बिजली उत्पादन का कार्य नही हो पा रहा है। गोआश्रय स्थल स्वावलंबी नहीं है। इन गोआश्रय स्थलों की कमियों को दूर कर स्वावलंबी बनाया जाना अतिआवश्यक है। पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई थी जिसमें विभिन्न गौशाला संचालकों एवं विशेषज्ञों के विचार गोशाला को स्वावलंबी बनाने के लिए गए थे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गौशाला को स्वावलंबी बनाने के लिए गोआश्रय स्थलों पर सेड के निर्माण को सुधार करने, चहारदीवारी निर्माण, चारा काटने की मशीन लगवाने, गोबर के सही इस्तेमाल के लिए आवश्यक मशीनरी क्रय करने एवं जनता की आस्था के अनुरूप पूजा स्थल निर्माण कराने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने एवं एक–एक गोआश्रय गोद लेकर कमियों को दूर कराने एवं आवश्यक निर्माण कराने की अपील की। सभी कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया एवं सहयोगी कोल्ड स्टोरेज का नाम गोआश्रय स्थलों पर बोर्ड लगाकर प्रदर्शित किया जाएगा तथा प्रसस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# पोक्सो अधिनियम पर प्रशिक्षकों की कार्यशाला आयोजित हुआ

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश ने समग्र शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश की राज्य सलाहकार सुश्री सरिता सिंह के मार्गदर्शन में एक महत्वपूर्ण पहल की है। समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड की ऱचुप्पी तोड़-हल्ला बोलऱ परियोजना के तहत, समाधान अभियान की संस्थापिका श्रीमती अर्चना अग्निहोत्री को पोक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम पर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए आमंत्रित किया गया, यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रयागराज में आयोजित किया गया जिसमें कई प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। ये प्रशिक्षक 460 मास्टर ट्रेनर तैयार करेंगे। ये मास्टर ट्रेनर उत्तर प्रदेश के हर ब्लॉक में जाकर शिक्षकों को पोक्सो अधिनियम के बारे में जागरूक करेंगे, ताकि प्रत्येक बच्चे को बाल यौन शोषण से बचाया जा सके और उन्हें इस विषय पर जागरूक किया जा सके। ये प्रशिक्षित विशेषज्ञ आगे चलकर बच्चों, शिक्षकों और समुदायों सहित एक बड़े वर्ग को शिक्षित और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस सहयोगात्मक प्रयास का उद्देश्य एक ऐसा सुरक्षित और सहायक वातावरण बनाना है, जहाँ बच्चे बिना किसी डर के आगे बढ़ सकें और अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें।

# सड़क बनी दलदल, कीचड़ में फंसे बच्चे

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** डिफेंस कॉलोनी की सड़कों पर आज विकास नहीं, लापरवाही की परतें बिछी हैं। नगर निगम ने सीवर लाइन डालने के बाद एक महीने से सड़क को उजाड़ छोड़ दिया है। मिट्टी और कीचड़ से लबालब गली में हर कदम पर फिसलन है और हर मोड़ पर हादसे की आशंका। हालात ऐसे कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी डर के साए में निकलते हैं। स्थानीय निवासी रमेश का कहना है कि सीवर लाइन तो एक महीने पहले डाल दी गई, लेकिन उसके बाद सड़क की सुध नहीं ली गई। इस गली में एक पब्लिक स्कूल भी है, जहां करीब हजार बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन अब बच्चे कम आ रहे हैं और जो आते हैं वो कीचड़ से लथपथ होकर स्कूल पहुंचते हैं। मनमोहन जैन ने बताया कि कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, नगर आयुक्त तक को अवगत कराया गया, लेकिन नतीजा सिफर। हर दिन कीचड़ और फिसलन से गुजरते बच्चे व अभिभावक सहमे रहते हैं कि कहीं कोई हादसा न हो जाए।

# एडीएम एफ/आर के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन की मॉक एक्सरसाइज सुरक्षा चक्र का सफल आयोजन



**वेलकम इंडिया**



**गाज़ियाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में एवं जिलाधिकारी गाजियाबाद के निर्देशन व एडीएम एफ/आर श्री सौरभ भट्ट के नेतृत्व में जनपद गाज़ियाबाद में एकीकृत आपदा प्रबंधन संगोष्ठी एवं मॉक एक्सरसाइजऱ का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य भूकम्प तथा औद्योगिक रासायनिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों की जाँच करना था। आपदा की सूचना इन्सीडेन्ट कमांडरों द्वारा वायरलेस के माध्यम से प्रसारित सुबह 09:03 बजे सभी स्थलों पर एक साथ आपदा की सूचना इन्सीडेन्ट कमांडरों द्वारा वायरलेस के माध्यम से प्रसारित की गई। आपातकालीन परिचालन केंद्र (ईओसी) से सभी विभागों झ पुलिस, अग्निशमन, चिकित्सा, गैस, विद्युत, आपूर्ति, नागरिक सुरक्षा आदि को सतर्क कर दिया गया। तत्पश्चात सभी राहत दलों ने ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से अपने-अपने स्थल पर पहुँचकर बचाव कार्य आरंभ किया। बचाव दल ने दिखाई तत्परता घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया तथा गंभीर रूप से घायलों को यशोदा अस्पताल में रेफर किया गया। अग्निशमन विभाग ने आग पर नियंत्रण पाया, वहीं एनडीआरएफ व एसडीआरएफ ने लोनी स्थित इंडियन ऑयल संयंत्र में हुए रासायनिक रिसाव को नियंत्रित कर बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा एनडीएमए कमाण्डेंट ने सभी स्थलों का निरीक्षण किया और मॉक ड्रिल की समापन समीक्षा की। समापन के पश्चात सभी इन्सीडेन्ट कमाण्डरों द्वारा मीडिया को प्रेस ब्रीफिंग दी गई। यह मॉक एक्सरसाइज जनपद गाजियाबाद में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास सिद्ध हुआ।

### चयनित 5 स्थलों पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति

- इन्ग्राहम इंटर कॉलेज, राजनगर गाजियाबाद में श्री धर्मेन्द्र शर्मा (जिला विद्यालय निरीक्षक) एवं श्री रितेश कुमार (तहसीलदार गाजियाबाद) ने नोडल अधिकारियों के रूप में कार्य किया।
- वीवीआईपी एड्रेसिस सोसायटी, नूर नगर में श्री अरुण दीक्षित (एसडीएम सदर) एवं डॉ. राकेश गुप्ता (जिला सर्विलांस अधिकारी)
- इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड, टीला शहबाजपुर, लोनी में श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ला (एसडीएम लोनी) एवं श्री कमलेश कनौजिया (सहायक निदेशक कारखाना)
- सरकारी भवन, मोदीनगर तहसील में श्री अजीत कुमार सिंह (एसडीएम मोदीनगर) एवं श्री रजत सिंह (तहसीलदार)
- जिला संयुक्त चिकित्सालय, सेक्टर–23, संजय नगर में श्री विराग पाण्डेय (नोडल अधिकारी) एवं अपर उप जिलाधिकारी गाजियाबाद

# पुरानी पेंशन नहीं तो वोट नहीं, कर्मचारी संगठनों का रोष मार्च, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** देशभर में लगभग एक करोड़ शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत आते हैं, जो बीते कई वर्षों से पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग कर रहे हैं। नई पेंशन प्रणाली में उन्हें 800 से 2200 तक की मामूली पेंशन मिल रही है, जो उनके और उनके परिवार के लिए न तो पर्याप्त है और न ही सम्मानजनक जीवनयापन की गारंटी देती है। जिन लोगों ने अपना संपूर्ण जीवन देश और विभाग की सेवा में समर्पित कर दिया, आज वही असुरक्षा और उपेक्षा का शिकार हैं। यदि वे पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के अंतर्गत होते, तो सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सम्मान उनके जीवन का हिस्सा होता। यही कारण है कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए देशव्यापी आंदोलन तेजी पकड़ चुका है। रोाना जिला मुख्यालयों पर निकल रहे जन-जागरण मार्च, सरकार से नीतियों की समीक्षा की मांग देश में तेजी से हो रहे सरकारी संस्थाओं के निजीकरण ने बेरोजगारी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। इससे युवाओं को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है और आम जनता को मिलने वाली सरकारी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। संस्थाओं के राष्ट्रीयकरण की मांग अब जोर पकड़ चुकी है, क्योंकि इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ भी मजबूत होगी। जनपद गाजियाबाद में अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ (अदेवा) के नेतृत्व में एक विशाल रोष मार्च निकाला गया। इसमें डीपीए गाजियाबाद, माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट, राजकीय नर्सिंग एसोसिएशन, लेखपाल संघ, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सफाई संघ समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।